E8A/7, KRISHAN NAGAR DELHI 110051 (Owner of offending vehicle i.e. Truck Bearing No. HR 69-2111)
In above titled case, the defendant(s) respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 23-07-2019 at 10:00 a.m.
For details logon to
https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Chandigarh
Reader
Additional District Judge,
Chandigarh

जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.
गृहे पोष्यम् विराजते
पंजीकृत कार्यालयः नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, छठा तल, 14, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुम्बई–400020
शाखा कार्यालयः यूनिट नं. 3001 एवं 3002, टीएफ, एमजीएफ मेट्रोपॉलिज, एमजी रोड, गुड़गांव–122001
मेल आईडीः gurgaon@gichfindia.com वेबसाइटः www.gichfindia.com फोनः 011–23737669, 23327548, 41522024, 41522025

मांग सूचना (एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अनुसरण में)

जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि. (जीआईसीएचएफएल) ने निम्नलिखित कर्जदारों को जीआईसीएचएफएल के पक्ष में साम्यिक बंधक के सृजन द्वारा आवासीय परिसरों की खरीद/निर्माण के लिए ऋण अनुमोदित किया है। ऋणों का पुनर्भुगतान अनियमित हो गया है और अंततः नेशनल हाउसिंग बैंक के निर्देशों एवं दिशानिर्देशों के अनुसरण में खाते नॉन–परफॉर्मिंग एसेट के रूप में वर्गीकृत किये गये है।

जीआईसी एचएफ लि. ने एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत अपने अधिकारों का प्रयोग करता है और कर्जदारों को मांग सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रत्येक खाते के सामने वर्णित कुल बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कहा जाता है।

निम्नलिखित कर्जदारों को एतद्द्वारा सार्वजनिक रूप से उनके आगे वर्णित कुल बकाया राशि प्लस अब तक उस पर ब्याज एवं अन्य उपार्जित प्रभार का भुगतान 60 दिनों के भीतर करने के लिए दोबारा कहा जाता है और ऐसा नही करने पर जीआईसी एचएफ लि. कथित सम्पत्तियों को अपने कब्जे में लेने के लिए सभी या किसी भी अधिकार का प्रयोग करेगा और आगे अपनी बकाया राशि के लिए इसे समायोजित एवं निपटान और इसकी बिक्री प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

कर्जदारों को सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व को किसी तीसरे पक्ष को हस्तांरित या सृजित करने के लिए प्रतिबंधित किया जाता है।

ग्राहक आईडी एवं फाइल नं	कर्जदार (रों) का नाम	बंधक सम्पत्ति का पता	बकाया राशि	13(2) मांग सूचना प्रकाशन तिथि एवं राशि
050026395 DL0510610001511	गीता रानी	प्लॉट नं. 75, सम्पूर्ण तीसरा तल, ब्लॉक–सी, झिलमिल कॉलोनी, शाहदरा, नई दिल्ली–110095	रु. 43,77,286/– (01.06.2018 को)	27.06.2018

यह सूचना कर्जदारों के अंतिम ज्ञात पते और बंधक सम्पत्ति(यों) के बाहरी दरवाजे पर भी चिपकाई जा रही है।

दिनांकः 20.06.2019
स्थानः गुड़गांव
जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लि.
हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी

छात्राओं के लिए रविवार को परामर्श सत्र आयोजित करेगा आइआइटी दिल्ली

जनसत्ता जनसंवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) जेईई एडवांस्ड में सफल होने वाली छात्राओं के लिए 23 जून को एक विशेष परामर्श सत्र का आयोजन करेगा। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न शाखाओं को जानने के अलावा वर्तमान और विद्यार्थियों के साथ चर्चा करने का मौका मिलेगा। उन्हें यह जानने का भी अवसर मिलेगा की सामान्यतः आइआइटी और विशेष रूप से आइआइटी दिल्ली में छात्राओं के लिए क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं। आइआइटी दिल्ली में आयोजित होने वाले परामर्श सत्र में आइआइटी मंडी के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे और अपने परिसर के बारे में जानकारी साझा करेंगे।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
हापुर शाखा, रेलवे रोड, हापुर (उ.प्र.)
ई–मेलः Hapur.Ghaziabad@bankofindia.co.in

एच.ओः स्टार हाउस, सी–5, 'जी' ब्लॉक, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बान्द्रा (ई), मुम्बई–400051

कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्ति के लिये)
[देखें नियम 8(1)]

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 (2002 के 54) के अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 18.1.2018 जारी कर ऋणधारक– मै. जयंत कन्स्ट्रक्शन (द्वारा उसके प्रॉप.– श्रीमती इन्दू जयंत, पत्नी श्री मुंशी लाल जयंत), 315, सुभाष नगर, गढ़ रोड, हापुर (उ.प्र.)–245101 तथा गारन्टरों श्री मुंशी लाल जयंत, पुत्र स्व. श्री सिया राम, 315, सुभाष नगर, गढ़ रोड, हापर (उ.प्र.)–245101 एवं श्रीमती कविता, पत्नी श्री महेन्द्र सिंह, 1700, सभासद वाली गली, पन्नापुरी गढ़ रोड, हापुर (उ.प्र.)–245101 को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि 18.1.2018 को रु. 1768825.00 (रुपये सत्तरह लाख अड़सठ हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) के साथ उस पर आगे का ब्याज, लागत, खर्चे तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज आदि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक/गारन्टर इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक/गारन्टर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, 14 जून, 2019 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय 18.1.2018 को रु. 1768825.00 (रुपये सत्तरह लाख अड़सठ हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) के साथ उस पर आगे का ब्याज, लागत, खर्चे तथा अन्य अनुषांगिक चार्जेज आदि के लिये बैंक बैंक ऑफ इंडिया, संजय विहार शाखा, आवास विकास कॉलोनी, मेरठ रोड, हापुर (उ.प्र.) के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

अचल सम्पत्ति परिसम्पत्तियों का विवरण

क) श्री मुंशी लाल जयंत (गारन्टर) पुत्र स्व. श्री सिया राम के नाम में मोहल्ला सुभाष नगर में स्थित इक्विटैबली मॉर्टगैज्ड आवासीय सम्पत्ति सं. 4–1/215 खसरा नं. 2111 का भाग, माप 109.1502 वर्ग मी. का सभी भाग तथा हिस्सा।
चौहद्दीः
उत्तर पूर्वः श्री किशनलाल का मकान, दक्षिणः श्री दिलावर सिंह का मकान
पूर्वः श्री कान्ति प्रसाद का खुला प्लॉट पश्चिमः 8 फीट चौड़ा रोड

ख) श्री मुंशी लाल जयंत (गारन्टर) पुत्र स्व. श्री सिया राम के नाम में मोहल्ला सुभाष नगर में स्थित इक्विटैबली मॉर्टगैज्ड आवासीय सम्पत्ति सं. 4–1/215–ए, खसरा नं. 2111 का भाग, माप 42.66 वर्ग यार्ड्स (35.686 वर्ग मी.) का सभी भाग तथा हिस्सा।
चौहद्दीः
उत्तरः 8 फीट चौड़ा रोड दक्षिणः श्री रोहताश सिंह का मकान
पूर्वः 8 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिमः श्री जगदीश प्रसाद का मकान

ग) श्रीमती कविता (गारन्टर) पत्नी श्री महेन्द्र सिंह के नाम में मोहल्ला न्यू पन्नापुरी, हापुर (उ.प्र.) में स्थित प्लॉट नं. 29, 1/2 खसरा नं. 2008 के पार्ट के अरजी पर निर्मित इक्विटैबली मार्टगैज्ड आवासीय मकान, माप 110.00 वर्ग यार्ड्स का सभी भाग तथा हिस्सा।
चौहद्दीः
उत्तरः प्लॉट नं. 30 दक्षिणः प्लॉट नं. 29 का शेष भाग
पूर्वः 20 फीट चौड़ा रास्ता पश्चिमः प्लॉट नं. 13 एवं 14

तिथिः 14.6.19
स्थानः हापुर
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया

SBI भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा–I
12वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली–110001, ई–मेलः sbi.04109@sbi.co.in

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के अधीन सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गारंटर/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन एवं ब्याज के प्रतिभुगतान में चूक की है तथा उनके ऋण अनार्जक आस्ति (एनपीए) के रूप में सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर नोटिस जारी किए गए थे, परंतु नोटिस बिना तामील वापस प्राप्त किए जा चुके हैं और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचना दी जा रही है।

कर्जदार/गारन्टर के नाम एनपीए की तारीख	सम्पत्तियों का विवरण/प्रवर्तित की जाने वाली प्रतिभूत आस्तियों का पता	मांग सूचना की तारीख बकाया राशि
श्री सईद मजाहिर अस्करी पुत्र श्री सईद मजाहिर अली, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, डी–503, ओमैक्स रॉयल रेजिडेंसी, सेक्टर–44, नोएडा– 201301 श्री जाइन अस्कर पुत्र श्री सईद मजाहिर अस्करी, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, डी–503, ओमैक्स रॉयल रेजिडेंसी, सेक्टर–44, नोएडा–201301 श्री सिंह राज सिंह पुत्र श्री गोपी, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, मकान नंबर 45, अट्टा गुनपुरा, पीएस–दनकौर, गौतमबुद्ध नगर– 203201 2. श्री सिंह राज सिंह पुत्र श्री गोपी, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, बी–30, सिल्वर ओक एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश – 201306 श्री राधे श्याम पुत्र श्री कृष्ण, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, 266, गांधीनगर साठा, गांधी नगर, बुलंदशहर, यू.पी 2. श्री राधे श्याम पुत्र श्री कृष्ण, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, कॉमर्शियल बिल्डिंग सर्वे नंबर 30, मेन मामन चौकी से मामन रोड तिराहा, परगना नारन, जिला बुलंदशहर, यू.पी –203001 श्रीमती नसीम बानो, एसआरएस मेडिटेक लिमिटेड के गारंटर, मकान नंबर 450/119/2, गिरधारी लाल मथुरा रोड, मोहल्ला मुफ्ती गंज, ठाकुरगंज, वार्ड दौलत गंज, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) – 226003 **ऋण खाते को एनपीए घोषित करने की तिथि 28-12-2018**	1. साम्यिक बंधक : आवासीय बिल्डिंग सर्वे नंबर : बी–30, सिल्वर ओक एस्टेट, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश–201306, चौहद्दी : पूरब : मकान नंबर 14 एवं 15, पश्चिम : मकान नंबर 31, उत्तर : मकान नंबर 24, दक्षिण : रोड 12 मीटर, श्री सिंह राज सिंह पुत्र श्री गोपी द्वारा स्वाधिकृत। 2. साम्यिक बंधक : आवासीय बिल्डिंग सर्वे नंबर : 450/119/2, लखनऊ–226001, चौहद्दी : पूरब : श्री प्रेम जी अस्थाना का मकान, पश्चिम : श्रीमती सरवत जहां एवं श्री अकबर मिर्जा का मकान, उत्तर : श्री मुस्ताकी जैदी एवं श्री मुजफ्फर हुसैन का मकान, दक्षिण : रोड (12–15 फीट)। श्रीमती नसीमा बानो पत्नी श्री मौलाना सईद मजाहिर अली साहेब द्वारा स्वाधिकृत। 3. साम्यिक बंधक : आवासीय बिल्डिंग सर्वे नंबर : 157, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश–201308, चौहद्दी : पूरब : प्लॉट नंबर 141, पश्चिम : प्लॉट नंबर 158–ए, उत्तर : प्लॉट नंबर 156, दक्षिण : रोड 12 मीटर श्री सिंह राज सिंह पुत्र श्री गोपी द्वारा स्वाधिकृत। 4. साम्यिक बंधक : आवासीय बिल्डिंग सर्वे नंबर : डी–503, 5वां तल, नोएडा, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश–201301, चौहद्दी : पूरब : जीना, पश्चिम : डी–502, उत्तर : खुला, दक्षिण : डी–501 श्री सईद मजाहिर अस्करी पुत्र श्री सईद मजाहिर अली द्वारा स्वाधिकृत। 5. साम्यिक बंधक : कॉमर्शियल बिल्डिंग सर्वे नंबर : 30, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश –203001, चौहद्दी : पूरब : अन्य सम्पत्ति, पश्चिम : मेन मामन रोड, उत्तर : हाजी बुन्दू गोदाम, दक्षिण : एस के प्लाईवुड श्री राधे श्याम पुत्र श्री कृष्ण द्वारा स्वाधिकृत। 6. साम्यिक बंधक : आवासीय प्लॉट सर्वे नंबर : एफ–25, यमुना एक्सप्रेसवे, दनकौर, जी बी नगर, उत्तर प्रदेश–201310, चौहद्दी : पूरब : प्लॉट नंबर 26, पश्चिम : रोड, उत्तर : रोड, दक्षिण : प्लॉट नंबर 69, श्री सिंह राज सिंह पुत्र श्री गोपी द्वारा स्वाधिकृत।	**मांग सूचना की तारीख 28-05-2019** **बकाया राशि ₹ 17,09,38,662.30 दिनांक 30-04-2019 तक + ब्याज एवं कानूनी प्रभार इत्यादि**

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। एतद्द्वारा उपरोक्त गारंटर(रों) से बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन की अवधि समाप्त होने पर, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : 19.06.2019, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

IIM Lucknow
INDIAN INSTITUTE OF MANAGEMENT LUCKNOW
INVITES APPLICATIONS FOR

18th One year Part-time General Management Programme for Executives 2018-19
(with 240 hours of teaching in four "on-campus modules" of 9 days each)

The GMPE is designed keeping the needs of the working executives in mind to help them prepare for their next career move. It will integrate advanced management theory, soft skills and quantitative methods with real world business practices.

The completed application form along with the application fee of Rs.2,000/- (non-refundable) by Demand Draft or NEFT should reach the Sr. Administrative Officer (MDP), Indian Institute of Management, Prabandh Nagar, IIM Road, Lucknow-226013, latest by July 16, 2019. The application form can be downloaded from **http://www.iiml.ac.in/sites/default/files/upload/news/gmpe18applform-27may2019.pdf.**

For details contact us on : (0522) 6696278/6696282-83, 6696288 or mail us on **gmpe18@iiml.ac.in** Please visit our website **http://www.iiml.ac.in/.**

पंजाब नैशनल बैंक .....भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) punjab national bank ...the name you can BANK upon!
परिसम्पत्ति वसूली प्रबंध शाखा, 1ला तल, राजेन्द्र भवन, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली–110125, फोनः 011–25854371, ईमेल bo4168@pnb.co.in

आम जनता के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

जैसा कि वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने प्रत्येक ऋणधारक के समक्ष नीचे वर्णित विवरणों के अनुसार ऋणधारकों/गारन्टरों/मार्टगेजरी (यहां के बाद ऋणधारक के रूप में वर्णित) से बकाया राशि की वसूली के लिए मांग सूचना जारी किया था। पुनः वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों ने नीचे सूचीबद्ध ऋणधारकों को स्वीकृत ऋण/साख सुविधाओं के संदर्भ में प्रतिभूतियों के रूप में धारित नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्तियों को कब्जा कर लिया है। जैसा कि मांग सूचना के अनुसार ऋणधारकों से पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिभूत बकाए ऋण तथा वसूली, यदि बाद में कोई की गई हो, को घटाकर उस पर बैंक द्वारा वहन की गई लागतों एवं चार्जेज के साथ आगे के ब्याज की वसूली के लिए यह बिक्री सार्वजनिक ई–नीलामी द्वारा की जाएगी। आम जनता को व्यक्तिगत रूप से या विधिवत अधिकृत एजेन्ट के माध्यम से बोली करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पात्र संपत्ति के लिए बैंक बोली करने के लिए स्वतंत्र होगा।

क्रम सं.	ऋणधारक का नाम एवं बैंक शाखा	मांग सूचना की तिथि एवं उसमें वर्णित राशि	मॉर्टगेजर (संपत्ति के स्वामी) के नाम के साथ सम्पत्ति का विवरण	कब्जा की स्थिति (भौतिक या सांकेतिक)	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि भुगतान (ईएमडी) राशि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	खाता का विवरण जिसमें आरटीजीएस/एनईएफटी एवं आईएफएससी कोड के माध्यम से ईएमडी जमा की जाएगी	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	बोली वृद्धि राशि	प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी का नाम एवं संपर्क सं.	सरकारी बकाया देयता, यदि कोई हो
1.	मै. स्काई वर्ल्ड एक्जिम	18.6.2018 रु. 25.50 करोड़	मै. बीएमआरसी कन्स्ट्रक्शन्स प्रा.लि. के नाम में निर्मित सम्पत्ति म्यूनिसिपल सं. 10425, प्लॉट नं. 4, ब्लॉक 15 ए जो डब्ल्यूईए, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 में स्थित है। क्षेत्रफल–280 वर्ग यार्ड्स–फ्रीहोल्ड	भौतिक	रु. 1337.00 लाख	रु. 13370000	15.7.2019	पंजाब नेशनल बैंक, एआरएमबी, डीआरएमवी, डीआरटी, खाता नं. 1522002200000316 (आईएफएससी कोडः PUNB0152200)	8.7.2019 को 3.00 बजे अप. से 5.00 बजे अप.	18.7.2019 को 11.00 बजे पूर्वा. से 12 बजे अप.	रु. 50000/–	प्राधिकृत अधिकारी श्री होशियार सिंह, मुख्य प्रबंधक, 9741615271 नोडल अधिकारीः रविन्द्र कुमार सीएम, मो.: 8130864663	ज्ञात नहीं
2.	मै. स्काई वर्ल्ड एक्जिम	जैसा कि ऊपर है	मै. रोशनी इन्फ्रा बिल्ट प्रा. लि. के नाम में प्लॉट नं. 65, मोतिया खान डम्प स्कीम, एमएम रो

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	36.8 डि.से.	36.8 डि.से.	36.4 डि.से.	37.9 डि.से.
न्यूनतम	24.2 डि.से.	24.2 डि.से.	24.2 डि.से.	25.1 डि.से.

तीन युवतियों के साथ सामूहिक बलात्कार

मामले में सात आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 जून।

दिल्ली के लाजपत नगर से तीन कॉल गर्ल को सेक्टर-135 स्थित एक फॉर्म हाउस में लाकर मंगलवार देर रात सामूहिक बलात्कार किया गया। इस वारदात को नौ युवकों ने मिलकर अंजाम दिया। पीड़ित युवतियों ने बुधवार सुबह 100 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम ने जांच कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोप है कि युवतियों से तीन-तीन हजार रुपए तय कर तीन ग्राहकों के लिए नोएडा लाया गया था। यहां आने पर कुल नौ लोगों ने युवतियों के साथ बलात्कार किया। बताया गया है कि फॉर्म हाउस दिल्ली के परिवहन विभाग में तैनात एक अधिकारी का है।

पकड़े गए आरोपी अखिलेश यादव, लवलेश यादव, भोला यादव, अंजन यादव,

राजेश, सतीश व राजकुमार हैं। वहीं फरार हुए दो आरोपी मुलायम सिंह व पंकज हैं। इनमें मुलायम सिंह ओला कैब ड्राइवर है। वह दिन में ओला कैब चलाने के बाद फार्म हाउस में कार्यरत कर्मचारी लवलेश के साथ दिल्ली के लाजपत नगर में गया था। मगंलवार रात करीब 11:30 बजे तीन युवतियों से इन्होंने तीन-तीन हजार रुपए में बात कर नोएडा के सेक्टर-18 लाने के लिए तैयार कर लिया। लवलेश ने पेशगी (एडवांस) के रूप में 3600 रुपए भी दे दिए थे, जबकि आरोपी तीनों युवतियों को लेकर सेक्टर-135 स्थित एचपीएस फॉर्म हाउस में लेकर आ गए।

एसएसपी वैभव कृष्ण के मुताबिक, लवलेश जिस फार्म हाउस में केयरटेकर का काम करता है वह दिल्ली के परिवहन विभाग में तैनात किसी अधिकारी का है। हालांकि, इस संबंध में अभी तफ्तीश की जा रही है। जल्द ही उनसे भी

तीनों युवतियों को तीन ग्राहकों के बारे में बताया गया था, पर घटनास्थल पर नौ लोग थे

जिस फॉर्म हाउस में इस वारदात को अंजाम दिया गया वह दिल्ली के परिवहन विभाग में तैनात एक अधिकारी का है

पूछताछ की जाएगी। फरार आरोपी पंकज बाउंसर है। आरोपियों ने तीनों युवतियों से तीन लोगों के साथ सहमति की बात हुई थी, जबकि नोएडा पहुंचने के बाद आसपास के फार्म हाउस में तैनात गार्ड व अन्य भी आ गए। माना जा रहा है कि इनकी पहले से ही सामूहिक बलात्कार करने की योजना थी। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों युवतियों को पेशगी के रूप में दिए 3600 रुपए भी छीन लिए थे।

डीयू की पहली कटऑफ सूची आएगी 28 जून को

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने बुधवार रात स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले का कार्यक्रम जारी कर दिया। संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली कटऑफ 28 जून को जारी की जाएगी। सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 22 जून तक पंजीकरण कराया जा सकता है। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के बाद डीयू ने स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए एक हफ्ते का समय और दिया था। इसकी वजह से विश्वविद्यालय को कटऑफ का संशोधित कार्यक्रम जारी करना पड़ा है।

डीयू के छात्र कल्याण डीन प्रोफेसर राजीव गुप्ता की ओर से जारी दाखिला कार्यक्रम के तहत पहली कटऑफ 28 जून को जारी की जाएगी। इसके आधार पर 28 जून से 1 जुलाई के बीच (रविवार को छोड़कर) कॉलेजों में दाखिले होंगे। विद्यार्थी दाखिला स्वीकृत होने के अगले दिन दोपहर 3:00 बजे तक शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। दूसरी कटऑफ 4 जुलाई को जारी होगी और इसके आधार पर 4 से 6 जुलाई तक दाखिले होंगे। इसी तरह तीसरी कटऑफ 9 जुलाई को जारी होगी और इसके आधार 9 से 11 जुलाई तक दाखिले होंगे। कॉलेज चौथी कटऑफ 15 जुलाई को जारी करेंगे और इसके आधार पर 15 से 17 जुलाई तक विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे। पांचवीं कटऑफ 20 जुलाई को जारी होगी और इसके आधार पर 20 से 23 जुलाई तक दाखिले लिए जा सकेंगे। खाली सीटों की स्थिति को देखते हुए आगे की कटऑफ का कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

22 तक बिना शुल्क जानकारी अपडेट कर सकेंगे

डीयू प्रशासन ने यह भी कहा है कि एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्लूएस श्रेणी के छात्र 22 जून तक संबंधित दस्तावेज अपलोड एवं अपडेट कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी तरह के शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा। छात्र अपनी एकेडमिक सेक्शन से जुड़ी जानकारियां 22 जून तक अपडेट कर सकते हैं।

खबरों में शहर

एआरएसडी कॉलेज में योग कार्यशाला का आयोजन

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय के आत्माराम सनातन धर्म (एआरएसडी) कॉलेज में तीन दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्रालय के सहयोग से किया गया था जिसमें देश भर के 550 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में योग दर्शन, योग की तकनीक, प्राणायम, योग के माध्यम से एकाग्रता, जीवन पद्धति से जुड़ी विभिन्न बिमारियों के निवारण आदि के बारे बताना था। इस दौरान योग के व्यवहारिक पक्ष पर अधिक जोर दिया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर ज्ञानतोष कुमार झा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

डॉ गीता भट्ट बनीं एनसीवेब की कार्यकारी निदेशक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध नॉन कॉलेजिएट वुमेन्स एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) के कार्यकारी निदेशक को नियुक्त कर दिया गया है। डीयू के संयुक्त रजिस्ट्रार (स्थापना) की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, डॉक्टी गीता भट्ट एनसीवेब की कार्यकारी निदेशक बनाई गई हैं। डॉक्टर भट्ट भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंस में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वह संघ विचारधारा के शिक्षक संगठन नेशनल डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (एनडीटीएफ) से जुड़ी रही हैं।

अबुल फजल इलाके में आग, सात लोग बचाए गए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

दक्षिण दिल्ली के अबुल फजल इलाके में बुधवार तड़के छह मंजिला इमारत में आग लग गई। आग भवन के प्रवेश द्वार पर लगे मीटर बोर्ड में शॉर्ट सर्किट से लगी। आग इतनी फैल गई कि पार्किंग में खड़ी गाड़ियां, मोटरसाइकिल और स्कूटर उसके चपेट में आ गए। आग प्रथम तल तक पहुंची तो लोग जागे। घटना तड़के करीब साढ़े तीन बजे घटी। इसके बाद दमकल विभाग और पुलिस को सूचना मिली। दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के अलावा शाइनबाग थाने के एसएचओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग ने तेजी से बचाव का काम किया और ऊपरी मंजिल पर फंसे सात लोगों को बचा लिया। इनमें एक बच्चा भी शामिल है।

योग के लिए केजरीवाल और दीक्षित को न्योता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) दोनों के शीर्ष नेताओं को निमंत्रण भेजा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पार्टी की और से आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम में बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को न्यौता भेजा है।

आज के कार्यक्रम

सभा संगोष्ठी/ विविध

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : संगीत, सीडी देशमुख सभागार, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम छह बजे।

इंडिया हैबीटेट सेंटर : फिल्म , हैबीटेट वर्ल्ड, लोदी रोड, शाम सात बजे।

'सड़क हादसों में मौत, सुरक्षा उपायों की अनदेखी'

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 जून।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन सेक्टर-32 में परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में आकस्मिक मृत्यु प्राकृतिक नहीं बल्कि सड़क सुरक्षा उपायों की अनदेखी है। थोड़ी सी सावधानी अपनाकर मानव जीवन को होने वाली इस अपूर्णीय क्षति से स्वयं और दूसरे के जीवन को बचा सकते हैं। यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा उपायों को अपनाने में संवेदनशील नहीं होने पर भी चिंता जताई। वहीं, दूसरी तरफ कार्यक्रम की समाप्ति पर मंत्री के काफिले में शामिल कई वाहनों के चालक बगैर सीट बेल्ट लगाए गाड़ी चलाते दिखे।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक बनाने के लिए प्रदेश सराकर 17 से 22 जून तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मना रही है। प्रदेश में हर साल डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु सड़क हादसों में हो जाती है, जबकि लाखों गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। सड़क सुरक्षा सप्ताह के

कार्यक्रम को संबोधित करते परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

तहत जनता को जागरूक करने के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही बस अड्डों पर उड़ रही धूल को रोकने के लिए नोएडा समेत 23 बस डिपो की कायापलट करने की घोषणा की। एनजीटी ने बस अड्डों पर उड़ रही धूल को लेकर नाराजगी जताई है। परिवहन मंत्री ने बस डिपो के नवीनीकरण के लिए प्राधिकरण से बैठक करने को कहा। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा क्लब और परिंदे समूह की तरफ से सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया।

मुखर्जी नगर मामले में हाई कोर्ट ने कहा

दिल्ली पुलिस का हमला बर्बरता का उदाहरण

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक ऑटो रिक्शा चालक और उसके नाबालिग बेटे पर पुलिस का हमला उसकी (पुलिस की) बर्बरता का उदाहरण है। न्यायमूर्ति जयंत नाथ और न्यायमूर्ति नजमी वजीरी की पीठ ने कहा, 'यह पुलिस की बर्बरता का उदाहरण नहीं है, तो क्या है?' इस मामले की स्वतंत्र सीबीआई जांच का अनुरोध करने वाली एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार, आप सरकार और दिल्लीी पुलिस को अपना रुख बताने के लिए नोटिस जारी करते हुए पीठ ने यह टिप्पणी की।

गौरतलब है कि रविवार शाम ऑटो चालक सरबजीत सिह और पुलिसर्किमयों के बीच लड़ाई का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पेशे से वकील सीमा सिंघल द्वारा दायर याचिका में मीडिया में आयी खबरों का हवाला देते हुए कहा गया कि पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक और उसके नाबालिग बेटे को बुरी तरह से पीटा। साथ ही याचिका में मामले में मेडिकल रिपोर्ट समेत रिकॉर्ड तलब करने की मांग की गई। घटना के एक वीडियो क्लिप में ऑटो चालक तलवार लेकर पुलिसर्किमयों के पीछे भागते हुए दिखाई देता है। एक अन्य वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी ऑटो चालक और उसके बेटे की डंडों से पिटाई करते दिख रहे हैं। अधिवक्ता संगीता भारती के जरिए दायर की गई याचिका में सिह और उसके नाबालिग बेटे पर 'बर्बर हमले' की सीबीआइ या ऐसी ही किसी एजेंसी से स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई है। याचिका में 'पुलिस की बर्बरता और अत्यधिक बल प्रयोग के हिंसक कृत्यों' को रोकने के लिए पुलिस सुधारों को लेकर उचित दिशा-निर्देश तय करने का अनुरोध किया गया है।

'आप' विधायक जरनैल ने गृह मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की

उत्तरी दिल्ली के मुखर्जी नगर में ग्रामीण सेवा चालक पिता-बेटे की पिटाई मामला बुधवार को भी गरम रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) विधायक जरनैल सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की गई। विधायक जरनैल सिंह ने अमित शाह को लिखे पत्र में चालक सरबजीत सिंह के खिलाफ दर्ज एफआइआर का विरोध किया। उन्होंने कहा कि सरबजीत पर मामला दर्ज नहीं होना चाहिए। पुलिसवालों को जल्दी गुस्सा न आए लिहाजा उन्हें ट्रेनिंग की जरूरत है। रविवार शाम चालक सरबजीत सिंह और पुलिसकर्मियों के बीच झगड़े की कई वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। संबंधित एक क्लिप में ऑटो चालक तलवार लेकर पुलिसकर्मियों के पीछे भागते हुए दिखाई दे रहा है। एक अन्य वीडियो में पुलिसकर्मी ऑटो चालक और उसके बेटे की डंडों से पिटाई करते दिख रहे हैं।

'राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस ने हर राज्य में किया अच्छा प्रदर्शन'

फरीदाबाद, 19 जून (जनसत्ता)।

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में हर वर्ग की पार्टी है। राहुल गांधी के करिश्माई नेतृत्व में कांग्रेस ने देश में हर राज्य में अच्छा प्रदर्शन किया है। आज देश को युवा नेतृत्व की जरूरत है जो सिर्फ राहुल गांधी ही दे सकते हैं। तंवर ने यह बात फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के इंदिरा नगर में कही। तंवर बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल गांधी के 49वें जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं से मिलने आए थे।

फरीदाबाद के पूर्व विधायक आनंद कौशिक और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बलजीत कौशिक ने एक भंडारे का आयोजन भी किया। इससे पहले राहुल गांधी की दीर्घायु के लिए हवन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आनंद कौशिक व बलजीत कौशिक ने एक सौ एक कन्याओं के पैर धोकर उन्हें भोजन कराया।

हाई टेंशन तार की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, लोगों ने किया प्रदर्शन

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 जून।

बेटे को बचाते समय हाई टेंशन तार के करंट से बीती रात एक व्यक्ति की मौत होने से आक्रोशित खोड़ा कॉलोनी के लोगों ने बुधवार को बिजली घर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। हादसे में पांच साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको दिल्ली के गुरुतेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। विरोध प्रदर्शन करने वालों को बिजली विभाग के अधिकारियों ने समझा-बुझाकर शांत कराया।

थाना सेक्टर-58 के एसएचओ पंकज राय के मुताबिक, खोड़ा कॉलोनी निवासी किशन सिंह (32) का पांच साल का बेटा मंगलवार रात घर की छत पर खेल रहा था। घर के ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली के तार से उसे करंट लग गया। बेटे को बचाने के लिए वहां पहुंचे किशन सिंह ने बच्चे को तो बिजली

बेटे को हाई टेंशन तार के करंट से बचाते समय गई थी पिता की जान

घटना से गुस्साए निवासियों ने बिजली घर पहुंचकर किया प्रदर्शन

के तार से अलग कर बचा लिया लेकिन खुद को नहीं बचा पाए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में किशन सिंह का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना से आक्रोशित खोड़ा कॉलोनी के लोगों ने बुधवार सुबह सेक्टर 62 स्थित अधिशासी अभियंता खंड- 7 के दफ्तर पर पहुंच कर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिजली विभाग के अधिकारियों से लोगों की बातचीत कराई। अधिशासी अभियंता अमित कुमार सिंह ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस घटना के लिए बिजली विभाग का जो भी कर्मचारी दोषी साबित होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद लोग शांत हुए।

'जयप्रकाश नारायण आंदोलन में राधाकृष्ण की केंद्रीय भूमिका थी'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

गांधीवादी और जयप्रकाश नारायण के सहयोगी राधाकृष्ण के जीवन पर लिखी डॉ. शोभना राधाकृष्ण की पुस्तक 'महात्मा गांधीज विजन राधाकृष्णज एक्शन' का लोकार्पण इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय ने किया। राय ने राधाकृष्ण के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए कहा कि जयप्रकाश आंदोलन में राधाकृष्ण की केंद्रीय भूमिका थी। आंदोलन के दौरान दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में रहते हुए राधाकृष्ण ने कई बड़े फैसले किए। इसमें एक बड़ा फैसला मोरारजी देसाई को 1977 में प्रधानमंत्री बनाने का था। राधाकृष्ण ने ही तब जयप्रकाश नारायण और जेबी कृपलानी को प्रधानमंत्री के तौर पर देसाई के नाम पर राजी कराया था। राज्यसभा के पूर्व सदस्य एचके दुआ ने कहा कि राधाकृष्ण के कारण गांधी शांति प्रतिष्ठान लंबे समय तक देश के सामाजिक राजनीतिक गतिविधियों के साथ कई आंदोलनों का केंद्र रहा। केंद्रीय गांधी स्मारक निधि के अध्यक्ष रामचंद्र राही ने कहा कि यह पुस्तक बगैर किसी आग्रह के तटस्थ भाव से लिखी गई है। शोभना राधाकृष्ण ने पुस्तक लेखन के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि राधाकृष्ण उनके पिता भी थे, लिहाजा उनके लिए इस पुस्तक का लेखन एक भावनात्मक चुनौती भी थी। एसएन सुब्बाराव ने अपने विचार रखने के साथ उद्बोधन गीत गाया। कार्यक्रम का संचालन राधाकृष्णन के सहयोगी रहे ओम प्रकाश और शोभना राधाकृष्ण की बेटी रुचिरा ने किया। रमेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

किताब का विमोचन

ब्लू रोज पब्लिशर्स से आई छाया पवार की पुस्तक 'द लायन किड' के विमोचन पर लेखिका ने कहा कि हमें पूर्वजों के कमाए गए धन के अलावा कुछ अपनी बदौलत काम कर अपने पैरों पर खड़े होना चाहिए। सैयद अरशद ने कहा कि हम खुद की मेहनत से कुछ हासिल नहीं कर पाए तो जीवन कठिन साबित होता है। संघर्ष ही जीवन का पर्याय है।

सुविधा — 10 हजार वाहनों की भूमिगत और बहुमंजिला पार्किंग में मिलेगी यह सुविधा

अब पार्किंग के लिए ऑनलाइन कर सकेंगे बुकिंग

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 19 जून।

नोएडा में गाड़ी खड़ी करने को लेकर जारी किचकिच पर लगाम लगने की उम्मीद दिखाई दे रही है। आने वाले कुछ महीनों के भीतर शहर में करीब 10 हजार वाहनों को खड़ा करने के लिए पांच जगहों पर पार्किंग की अनूठी सुविधा मिलने जा रही है। पार्किंग में वाहन खड़ा करने की सुविधा भी अत्याधुनिक बनाने की तैयारी चल रही है। जिसके तहत आने से पहले कार मालिक पार्किंग की ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे। इस काम को करने वाली विशेषज्ञ कंपनियों के साथ प्राधिकरण इस एप्लीकेशन (ऐप) पर काम कर रहा है। एप्लीकेशन से शहर की सभी भूमिगत, मॉल और बहुमंजिला पार्किंग को जोड़ा जाएगा।

प्राधिकरण के महाप्रबंधक राजीव त्यागी के मुताबिक, आधुनिक शहर में पार्किंग की अत्याधुनिक सुविधा शहरवासियों को देने की तैयारी है। घर से बाहर जाने से पहले ही वाहन मालिक पार्किंग स्लॉट बुक करा

फाइल फोटो

सकेंगे। जिससे बाजार, मॉल या उक्त स्थान पर जाने के बाद पार्किंग नहीं मिलने की समस्या समाप्त हो जाएगी। इस तरह के ऐप संचालित सेवा के लिए एक कंपनी को चुना गया है। यह कंपनी एप्लीकेशन तैयार कर रही है। एप्लीकेशन में खास यह होगा कि पार्किंग की ऑनलाइन बुकिंग के अलावा भुगतान भी ऑनलाइन किया जा सकेगा। भुगतान के लिए एप्लीकेशन को विभिन्न पेमेंट गेटवे से लिंक किया जा रहा है।

घर से निकलने से पहले ही जगह बुक कराने की सुविधा से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद

प्राधिकरण इस सुविधा के लिए एप्लीकेशन पर काम कर रहा है

ऑनलाइन पार्किंग स्पेस बुकिंग और भुगतान की प्रणाली की शुरूआत सेक्टर-16ए में बन रही भूमिगत पार्किंग से की जाएगी। जिसके सफल परीक्षण के बाद सभी तरह की पार्किंग को मोबाइल ऐप से जोड़ दिया जाएगा। जानकारों का मानना है कि सेक्टर-18, सेक्टर-16ए फिल्म सिटी आदि इलाकों में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से सड़कें कारों से भरी रहती हैं। चौड़ी सड़क होने के बावजूद बामुशकिल एक कार निकलने की जगह बचती है। ऐसी जगहों पर पार्किंग में गाड़ी करने के लिए लोगों को लाइन न लगानी पड़े, इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन बेहद कारगर साबित हो सकता है। वर्तमान में सेक्टर-38ए बॉटैनिक गार्डन बनी बहुमंजिला पार्किंग में सात हजार, सेक्टर-1 की भूमिगत पार्किंग में 53, सेक्टर-3 की भूमिगत पार्किंग में 565, सेक्टर- 2 की भूमिगत पार्किंग में 262 और सेक्टर-18 में तीन हजार कारें खड़ी करने की सुविधा होगी।

आवासीय भूखंड योजना में आठ जुलाई तक होंगे आवेदन

शहर में बचे हुए आवासीय भूखंडों को लेने के लिए अभी तक पांच लोगों ने पंजीकरण कराया है। भूखंड आबंटन के लिए 8 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। उसके बाद ऑनलाइन बोली लगाई जाएगी।

पंजीकरण और प्रोसेसिंग शुल्क के अलावा कुल कीमत की 10 फीसद रकम जमा करानी होगी। न्यूनतम कीमत (बेस प्राइस) से सबसे ज्यादा बोली लगाने वाले आवेदन को भूखंड आबंटित किया जाएगा। इस योजना में 11 सेक्टरों के 258 भूखंड शामिल हैं। जिनका क्षेत्रफल 112 .5 से 450 वर्ग मीटर तक है।

एमिटी में दी गई योग आसनों की जानकारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 19 जून।

एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय कार्यशाला में बुधवार को तृतीय दिन विभिन्न योग विशेषज्ञों की ओर से शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को योग आसनों व उसके लाभ की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुर्दशन चक्र मेडिटेशन, थिराप्यूटिक योग, नैचुरोपैथी आदि के बारे में बताया गया। कार्यशाला में मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ योगा के योग प्रशिक्षक अनिल आर्य, अंतरराष्ट्रीय अष्टांगयोग संस्थान के अध्यक्ष डॉ डीडी वित्रिच, जीवनशैली सलाहकार डॉ सुनिता गुप्ता और इनबाउंड स्कूल ऑफ योगा के प्रशिक्षक जेफेरसन गरैल्डो, जुलियाना गोम्ज व एंग्लिका एलीक्यूक ने जानकारी दी।

कार्यशाला के तृतीय दिन मोरराजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा के योग प्रशिक्षक अनिल आर्य ने विभिन्न प्राणायाम जैसे कपालभाति, अनुलोम-विलोम, सूर्यभेदी, चंद्रभेदी, भस्त्रिका आदि सहित विभिन्न आसनों की प्रायोगिक जानकारी देते हुए उनसे होने वाले लाभों को भी बताया।

आइआइटी दिल्ली, बॉम्बे शीर्ष 200 में शामिल

दिल्ली विश्वविद्यालय 487वें से 474वें स्थान पर पहुंचा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 जून।

भारत के तीन शैक्षणिक संस्थान आइआइटी दिल्ली, आइआइटी बॉम्बे और बंगलुरु स्थित आइआइएससी ने क्वैकक्वरेली साइमोंड्स (क्यूएस) वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग में शीर्ष 200 संस्थानों में अपनी जगह बनाई है। साथ ही, हरियाणा के सोनीपत स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) लंदन में जारी की गई क्यूएस वैश्विक रैंकिंग 2020 में शीर्ष 1000 में शामिल किया जाने वाला सबसे नया (नव स्थापित) विश्वविद्यालय हो गया है, जिसकी स्थापना 2009 में हुई थी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने पिछले साल के 487वें स्थान से 474वें स्थान पर पहुंच गया है।

आइआइटी मद्रास, आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी कानपुर और आइआइटी रुड़की शीर्ष 400 संस्थानों में शामिल हैं। आइआइटी गुवाहाटी 491 स्थान पर है, जबकि उसके पिछले साल की रैंकिंग 472 थी। मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्वीट किया कि यह बड़े ही गर्व की बात है कि

क्यूएस विश्व रैंकिंग

प्रतिष्ठित क्यूएस रैंकिंग में आइआइटी बॉम्बे, आइआइटी दिल्ली और आइआइएससी (बंगलुरु) शीर्ष 200 संस्थान में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं हर किसी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। हम अन्य संस्थानों को भी शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में शीर्ष पर ले जाने के लिए कटिबद्ध हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय में उच्चतर शिक्षा सचिव आर सुब्रहमण्यम ने ट्वीट किया कि वैश्विक रैंकिंग में सबसे तेजी से आगे बढ़ रहा संस्थान आइआइटी खड़गपुर है जिसने पिछले साल की तुलना में 14 पायदान की छलांग लगाई है। इस रैंकिंग में अन्य संस्थानों में जामिया मिलिया इस्लामिया, जादवपुर विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय, कलकत्ता विश्वविद्यालय और मुंबई विश्वविद्यालय शामिल हैं।

जेजीयू के संस्थापक कुलाधिपति नवीन जिंदल ने कहा कि क्यूएस वैश्विक विश्वविद्यालय रैंकिंग 2020 में जेजीयू का आना एक असाधारण उपलब्धि है क्योंकि हम अपनी स्थापना की दसवीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

सुब्रमणियम के दावे को खारिज किया पीएमइएसी ने

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमइएसी) ने 2011 के बाद जीडीपी के आंकड़े को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमणियम के दावे को बुधवार को खारिज कर दिया। पीएमइएसी ने कहा कि पूर्व सीइए के विश्लेषण में सेवाओं और कृषि के आंकड़ों की अनदेखी की व एक निजी कंपनी सीएमआइइ पर आंख मूंदकर भरोसा किया।

जीडीपी अनुमान पर पीएमइएसी की तरफ से जारी 12 पृष्ठ की एक रिपोर्ट में कहा कि एक बड़ी और जिम्मेदार अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुमान का तरीका वैश्विक मानकों के अनुरूप है।

भारतीय स्टेट बैंक

आरएसीपीसी–सह–एसएआरसी फरीदाबाद
एससीओ–98, प्रथम एवं द्वितीय तल, सैक्टर–16 मार्केट, फरीदाबाद,
फोन: 0129–2289222, फैक्स: 0129–2290222

कब्जा सूचना

चूंकि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (अधिनियम), 2002 के प्रवर्तन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी–सह–एसएआरसी फरीदाबाद के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक 18.06.2018 जारी की जिसमें कर्जदारों/गारंटरों श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री आत्म स्वरूप चौधरी एवं श्रीमती शोभिता चौधरी पत्नी श्री राकेश चौधरी निवासी मकान नंबी–103, हरे कृष्णा अपार्टमेंट, सीएचजीएस, सैक्टर–45, फरीदाबाद–121001 को कथित सूचना में उल्लिखित राशि 17.06.2019 को रु. 45,13,535.00 (पैतालीस लाख तेरह हजार पांच सौ पैतीस रुपए) + 18.06.2019 से ब्याज और उस पर उपार्जित व्यय, लागत एवं प्रभार का पुनर्भुगतान कथित सूचना की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया। कर्जदार/गारंटर खाता सं. 32587491355 के जरिए राषि का पुनर्भुगतान करने में असफल रहे हैं इसलिए एतद्द्वारा विशेषकर कर्जदारों/गारंटरों एवं आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियम के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा 11 जून, 2019 को ले लिया है।

विशेषकर कर्जदारों/गारंटरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि नीचे वर्णित सम्पत्ति का लेनदेन न करें और कथित सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन भारतीय स्टेट बैंक को 12.06.2019 को रु.43,48,342.00 (तैतालीस लाख अड़तालीस हजार तीन सौ बयालीस रुपए) प्लस 13.06.2019 से ब्याज और उस पर उपार्जित व्यय, लागत एवं प्रभार का भुगतान करने के अधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्री राकेश चौधरी एवं श्रीमती शोभिता चौधरी के नाम पर सम्पत्ति फ्लैट नं. बी–103, हरे कृष्णा अपार्टमेंट, जीएच–01, सैक्टर–45, फरीदाबाद, सम्पत्ति का कार्पेट एरिया 2141 वर्ग फीट।

तिथि: 18.06.2019 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: फरीदाबाद — भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी–सह–एसएआरसी

भारत सरकार
लोकबोर्ड चयन उद्यम

राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड

में

प्रबंध-निदेशक

पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
लोक उद्यम चयन बोर्ड मे आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि
20 अगस्त, 2019 (15.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
http://www.pesb.gov.in
में लॉगइन करें।

महाराष्ट्र के स्कूली किताबों में बदलेगी महिलाओं की छवि

पुणे, 19 जून (भाषा)।

स्कूली छात्रों की कई पीढ़ियां ऐसी पाठ्यपुस्तकें पढ़ कर बड़ी हुई हैं जिसमें मां की छवि रसोई में सब्जियां काटने की जबकि एक पिता की समाचारपत्र पढ़ने की रही है, लेकिन महाराष्ट्र में अब यह स्थिति बदलेगी।

अधिकारियों ने कहा कि बदलते सामाजिक ढांचे को ध्यान में रखते हुए राज्य के पाठ्यक्रम बोर्ड बालभारती ने लैंगिक समानता को बरकरार रखने और महिलाओं को अधिक प्रगतिशील तरीके से पेश करने के लिए अपनी पाठ्यपुस्तकों में कई चित्रों और पाठों में बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि संशोधित पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य लैंगिक रूढ़िवाद से छुटकारा पाना है।

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि बालभारती रूढ़िवाद को तोड़ना चाहता है और इसलिए उसने कक्षा दो की संशोधित पाठ्यपुस्तकों में ऐसे चित्र और पाठ शामिल किए हैं जिनमें पुरुषों और महिलाओं को घरेलू कार्य साझा रूप से करते हुए दिखाया गया है।

पी.के. सैल्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)

परिसमापक का पता: 105-107, वर्धमान प्रीमियम माल, दीपाली चौक, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034
सम्पर्क: +91-9310278000, **ईमेल आईडी:** liquidator.pksalescompany@gmail.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना

दिवाला एवं दिवालिया संहिता 2016 तथा उसके अंतर्गत विनियमन के अंतर्गत एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे तालिका में वर्णित सम्पत्तियों की वेबसाईट http://nclt/auction.auctiontiger.in के माध्यम से सेवा प्रदाता मै. ई-प्रॉक्योमेंन्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (Auction Tiger) द्वारा ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी।

नीलामी की तिथि एवं समय	गुरुवार, 27.6.2019 को 1.00 बजे अप. से 2.00 बजे अप.
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	22.6.2019 को 5.00 बजे सायं से पूर्व
निरीक्षण की तिथि एवं समय	24 एवं 25.6.2019 को 12 बजे अप. से 5.00 बजे सायं तक। निरीक्षण के लिये सम्पर्क किये जाने वाले व्यक्ति का नाम श्री राकेश भाटिया, सम्पर्क नं. 9310278000, 9810378000 है।

लॉट नं.	विवरण	आरक्षित मूल्य (लाखों में)	ईएमडी (रु.) (लाखों में)
1.	सम्पत्ति का पताः जी-30 जीएफ, मंगलम पैराडाईज, प्लॉट नं. 8, मंगलम प्लेस, सेक्टर-3, रोहिणी, नई दिल्ली- 110085 सम्पत्ति का विवरणः सुपर एरिया लगभग 4947.38 वर्ग फीट, फ्रान्ट कॉर्नर, स्क्वायर शेप जिसका कब्जा परिसमापक के पास है।	11,77,00,000/-	1,17,00,000/-
2.	मारुति डिजायर कार VDI (दिल्ली पंजीकरण)	1,70,000/-	17,000/-

ईएमडी (अप्रतिदेय) का भुगतान 22.6.2019 को या उससे पूर्व "पी.के. सैल्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड (परिसमापन में)" की खाता, खाता नं. 5422000100135101 तथा आईएफएससी कोड KARB0000542 में एनईएफटी/ आरटीजीएस द्वारा इच्छुक बोलीदाता को करना होगा। ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें। ई-नीलामी से संबंधित किसी भी जिज्ञासा के लिये श्री तिलक मराठा (एमः 6351896834), अथवा tilak@auctiontiger.net या परिसमापक से उनके ई-मेल liquidator.pksalescompany@gmail.com पर सम्पर्क करें।

हस्ता./-
राकेश भाटिया
स्थानः नई दिल्ली — मै. पी.के. सैल्स कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड
तिथिः 6.6.2019 — (परिसमापन में) के परिसमापक
आईपी पंजी. सं. IBBI/IPA-001/IP-P00978/2017-18/11608

सोनल मर्केन्टाइल लिमिटेड

CIN: L51221DL1985PLC022433, टेली. नं.: 011-49091417
पंजी. कार्यालयः 372, वर्धमान प्लाजा, IIIरा तल, सेक्टर-3, रोहिणी, नई दिल्ली-110085
ईमेलः sonalmercantile@yahoo.in, वेबसाईटः www.sonalmercantile.in

34वी वार्षिक साधारण सभा की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि:

1. कम्पनी की 34वीं वार्षिक साधारण सभा 372, वर्धमान प्लाजा, IIIरा तल, सेक्टर-3, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 में शुक्रवार, 12 जुलाई, 2019 को 2.00 बजे अप. में आयोजित की जायेगी जिसमें एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट साधारण तथा विशेष व्यवसायों को निष्पादित किया जायेगा।
2. एजीएम की सूचना तथा 2019 के वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां ऐसे सभी सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ईमेल आईडी पंजीकृत हैं। वह कम्पनी की वेबसाईट www.sonalmercantile.in पर भी उपलब्ध है। एजीएम तथा 2019 के वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति अन्य सभी सदस्यों के स्वीकृत पद्धति में उनके पंजीकृत पते पर भेजी गई है। एजीएम की सूचना का प्रेषण 18.6.2019 को पूरा कर लिया गया है।
3. 5.7.2019 की कट-ऑफ तिथि को भौतिक पद्धति या डीमैटेरियलाइज्ड पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्य एजीएम के किसी अन्यत्र स्थान सेएनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली ("रिमोट ई-वोटिंग") के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट साधारण तथा विशिष्ट व्यवसायों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मतदान कर सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

i. एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट साधारण तथा विशिष्ट व्यवसायों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान द्वारा निष्पादित किया जा सकता है।
ii. रिमोट ई-वोटिंग 9 जुलाई, 2019 को 10.00 बजे पूर्वा. में शरू होगी।
iii. रिमोट ई-वोटिंग 11 जुलाई, 2019 को 5.00 बजे सायं में बंद होगी।
iv. इलेक्ट्रॉनि माध्यमों से अथवा एजीएम में मतदान के लिये पात्रता सुनिश्चित करने के लिये कट-ऑफ तिथि 5 जुलाई, 2019 है।
v. यदि कोई व्यक्ति एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कम्पनी का शेयर अर्जित किये हों तथा कम्पनी का सदस्य बने हों, तथा कट ऑफ तिथि अर्थात 5 जुलाई, 2019 को शेयरधारित करते हों तो वे evoting.@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पास्वर्ड प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन यदि वह व्यक्ति ई-वोटिंग के लिये पहले से ही एनएसडीएल में पंजीकृत हैं तो मतदान करने के लिये वे अपने वर्तमान यूजर आईडी तथा पास्वर्ड का प्रयोग कर सकते हैं।
vi. सदस्यगण ध्यान रखें किः क) उपरोक्त तिथि एवं समय के बाद मतदान के लिये एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग पद्धति निष्क्रिय कर दी जायेगी तथा सदस्यों द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार मतदान कर देने के बाद उन्हें बाद में उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं दी जायेगी; ख) एजीएम में मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी; ग) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर देने के बाद में सदस्य साधारण सभा में शामिल हो सकते हैं लेकिन सभा में उन्हें फिर से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जायेगी, तथा घ) जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि के सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरीज द्वारा प्रतिबंधित लाभभोगी स्वामी के रजिस्टर में शामिल होगा, वे रिमोट ई-वोटिंग अथवा एजीएम में मत पत्र द्वारा मतदान करने के लिये अधिकृत होंगे।
vii. एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाईट www.sonalmercantile.in तथा साथ ही एनएसडीएल की वेबसाईट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है; तथा
viii. किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिये सदस्य एफएक्यू'ज देखें अथवा टोल फ्री नं. 1800222990 पर कॉल करें अथवा sonalmeracntile@yahoo.in पर अनुपालन अधिकारी को लिखें।

पुस्तक बंद होना

सदस्यों के रजिस्टर तथा कम्पनी की शेयर अंतरण पुस्तकें 5 जुलाई, 2019 से 12 जुलाई, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेंगे।

सोनल मर्केन्टाइल लिमिटेड के लिये
हस्ता.
तिथिः 18 जून, 2019 — श्री विक्रम गोयल
स्थानः नई दिल्ली — पूर्ण कालिक निदेशक

पंचशिला हॉस्पिटैलिटी वेन्चर्स लिमिटेड

सीआईएन – U55101HR1987PLC035044
पंजीकृत कार्यालय : बीएलबी 123, दि बेलायर, डीएलएफ सिटी, फेज–5, गुड़गांव – 122003
ईमेल आईडी – njkanwar@hotmail.com
सम्पर्क नम्बर – +91-9811152675

"प्रपत्र सं. आईएनसी–25ए"
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41(5)(क) के अनुसरण में]
पब्लिक कम्पनी को प्राइवेट कम्पनी में परिवर्तित करने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाने हेतु विज्ञापन

क्षेत्रीय निदेशक, कार्पोरेट मंत्रालय उत्तरी क्षेत्र के समक्ष

कम्पनी अधिनियम, 2013, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 41 के विषय में
तथा
पंचशिला हॉस्पिटैलिटी वेन्चर्स लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय बीएलबी 123, दि बेलायर, डीएलएफ सिटी, फेज–5, गुड़गांव – 122003 में स्थित है, के विषय में
.....**आवेदक**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी को पब्लिक कम्पनी से प्राइवेट कम्पनी में परिवर्तित करने के लिए 28 मई, 2019 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में कम्पनी को ऐसे परिवर्तन हेतु सक्षम बनाने के संबंध में पारित विशेष प्रस्ताव के निबन्धनों के अनुसार कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 14 के साथ पठित उपरोक्त नियमावली के अधीन एक आवेदन केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने की इच्छुक है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के प्रस्तावित परिवर्तन/कम्पनी की हैसियत से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां संबंधित क्षेत्रीय निदेशक (बी–2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैस, नई दिल्ली–110003) को इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द कर सकता है अथवा करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को इसके नीचे वर्णित पते पर स्थित पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए :

बीएलबी 123, दि बेलायर, डीएलएफ सिटी, फेज–5, गुड़गांव – 122003

कृते एवं हिते आवेदक
पंचशिला हॉस्पिटैलिटी वेन्चर्स लिमिटेड
हस्ता./–
नरिन्दर जीत सिंह कंवर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 01251025
तिथि : 19.06.2019 — डी 179 डिफेंस कालोनी
स्थान : गुड़गांव — दिल्ली 110024

ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

(भारत सरकार का उपक्रम)
शाखाः चंदावली, फरीदाबाद, हरियाणा–121004

कब्जा सूचना {नियम 8(1) के अंतर्गत अचल सम्पत्ति के लिए}

चूंकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, रिजोल्यूशन रिकवरी एवं लॉ, फरीदाबाद के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना, दिनांक 20 मार्च, 2019 जारी की थी, जिसके द्वारा कर्जदार श्री भगवत दयाल एवं रजनी बाला को सूचना में उल्लिखित राशि रु. 9,65,867.00/– (नौ लाख पैसठ हजार आठ सौ सड़सठ रुपए) का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया था।

उपरोक्त कथित कर्जदार के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार, गारंटर तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा 18 जून, 2019 को ले लिया है। कर्जदार/गारंटर को विशेष रूप से तथा आम जनता को सामान्यतः एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे कथित सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन–देन ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स, शाखा चंदावली, फरीदाबाद को 31.05.2019 को रु. 9,72,210.00/– (नौ लाख बहत्तर हजार दो सौ दस रुपए) और उस पर ब्याज के भुगतान के अधीन होगा।

कर्जदारों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप–अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

उप–पंजीयक पलवल, जिला पलवल के पंजीकरण के भीतर श्रीमती मैन वती पत्नी भीम सिंह के नाम पर गली नं. 1, गोदाम कृष्णा कॉलोनी, राम नगर रेलवे रोड के सामने, पलवल, में स्थित ईक्यूएम में शामिल सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से, एरिया परिमाप 111 वर्ग यार्ड जो कि 107 किला नं. 3(7–15) का भाग एवं 15/620 स्टेडिंग की सीमा में है और जो निम्नानुसार घिरी हैः उत्तर में: श्री महेश का मकान, दक्षिण में: श्री मनु राम पेहरा का मकान, पूर्व में: गली, पश्चिम में: श्री केशव का मकान।

दिनांक : 18.06.2019 — स्थान : फरीदाबाद — प्राधिकृत अधिकारी ओरिएण्टल बैंक ऑफ कॉमर्स

FORM G
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST

(Under Regulation 36A (1) of the Insolvency and Bankruptcy (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016

	RELEVANT PARTICULARS	
1.	Name of the corporate debtor	**Novex Private limited**
2.	Date of incorporation of Corporate Debtor	11.02.1960
3.	Authority under which corporate debtor is incorporated / registered	Registrar of Companies, Delhi
4.	Corporate identity number / limited liability identification number of corporate debtor	U74899DL1960PTC003190
5.	Address of the registered office and principal office (if any) of corporate debtor	Plot No 2, Behind GPO, Kashmere Gate, New Delhi-110006
6.	Insolvency commencement date of the corporate debtor	10.12.2018
7.	Date of invitation of expression of interest	**20/06/2019** (Previously 14/05/19 and 28/02/19)
8.	Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at:	The Resolution Applicant jointly or severally should have net worth of Rs. 40 lac as on 31.03.2019 Further information, if any, can be obtained by sending email at ajayjain721@gmail.com
9.	Norms of ineligibility applicable under section 29A are available at:	Information with respect to Section 29A of the Code can be obtained by sending email at ajayjain721@gmail.com
10.	Last date for receipt of expression of interest	**05/07/2019** (Previously 17/05/19 and 15/03/19)
11.	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	**10/07/2019** (Previously 21/05/19 and 25/03/19)
12.	Last date for submission of objections to provisional list	**15/07/2019** (Previously 22/05/19 and 30/03/19)
13.	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	**18/07/2019** (Previously 23/05/19 and 09.04/19)
14.	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	**20/07/2019** (Previously 25/05/19 and 23/03/19)
15.	Manner of obtaining request for resolution plan, evaluation matrix, information memorandum and further information	Information can be obtained by sending email at ajayjain721@gmail.com The said information shall be shared after getting undertaking of confidentiality u/s 29 (2) of the Code.
16.	Last date for submission of resolution plans	**26/07/2019** (Previously 30/05/19 and 29/04/19)
17.	Manner of submitting resolution plans to resolution professional	Through speed post/courier in sealed cover : Mr. Ajay Kumar Jain, Resolution Professional E-15/209, Sector-8, Rohini, New Delhi-110085 and Also soft copy by email: ajayjain721@gmail.com
18.	Estimated date for submission of resolution plan to the Adjudicating Authority for approval	**31/07/2019** (Previously 04/06/19 and 29/05/19)
19.	Name and registration number of the resolution professional	**Mr. Ajay Kumar Jain** IBBI/IPA-002/IP-N00415/2017-18/11188
20.	Name, Address and e-mail of the resolution professional, as registered with the Board	**Mr. Ajay Kumar Jain** **Address:** E-15/209, Sector-8, Rohini, New Delhi-110085 **Email ID**: ajayjain721@gmail.com
21.	Address & email to be used for correspondence with the resolution professional	**Address:** E-15/209, Sector-8, Rohini, New Delhi-110085 **Email ID**: ajayjain721@gmail.com
22.	Further Details are available at or with	Can be obtained by sending email at: ajayjain721@gmail.com
23.	Date of publication of Form G	**20.06.2019**

Date : 20/06/2019
Place: New Delhi

Mr. Ajay Kumar Jain
IBBI/IPA-002/IP-N00415/2017-18/11188
Resolution Professional of **Novex Private Limited**

प्रपत्र ए
सार्वजनिक उद्घोषणा

[भारत दिवाला तथा दिवालिया मंडल (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया) विनियमन, 2016 के विनियमन 6 के अंतर्गत]

राठी सुपर स्टील लिमिटेड के क्रेडीटरों के ध्यानार्थ

संबंधित विवरण		
1.	कॉर्पोरेट ऋणधारक का नाम	राठी सुपर स्टील लिमिटेड
2.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के निगमन की तिथि	22 अप्रैल, 1991
3.	वह प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट ऋणधारक निगमित/पंजीकृत है	कम्पनी रजिस्ट्रार,दिल्ली भारत, कम्पनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत
4.	कॉर्पोरेट पहचान संख्या/कॉर्पोरेट ऋणधारक का लिमिटेड लाएबिलिटी पहचान संख्या	U74899DL1991PLC044043
5.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	पंजीकृत कार्यालयः फ्लैट नं. 207, वर्धमान मयूर मार्केट, सीएससी मयूर विहार फेज-III, कोंडली घरोली दिल्ली-110096 कार्पोरेट कार्यालयः ए-6/35, प्रथम तल, जी.टी.रोड के दाहिने भाग में, इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद-201009, उत्तर प्रदेश
6.	कॉर्पोरेट ऋणधारक के संदर्भ में दिवाला आरंभ होने की तिथि	12 जून, 2019
7.	दिवाला प्रस्ताव प्रक्रिया के समापन की अनुमानित तिथि	9 दिसम्बर, 2019
8.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का नाम, पंजीकरण संख्या, जो अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के रूप में कार्यरत है	नामः हरीश चन्दर अरोड़ा पंजीकरण सं. आईबीबीआई/आईपीए-003/आईपी-एन00077/2017-18/10700
9.	बोर्ड में यथा पंजीकृत अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल का पता एवं ईमेलः	पंजी पताः ए-189, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 ईमेलः harisharora2012@gmail.com
10.	अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के साथ पत्राचार के लिये प्रयुक्त होने वाला पता तथा ईमेल	पताः रीसर्जेन्ट इंडिया लिमिटेड, 903-906, 9वां तल, टावर-सी, यूनीटेक बिजनेस जोन, निर्वाण कन्ट्री, सेक्टर-50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018 ईमेलः cirp.rathisupersteel@gmail.com
11.	दावे जमा करने की अंतिम तिथि	4 जुलाई, 2019
12.	क्रेडीटर का वर्ग यदि कोई हो, धारा 21 की उप धारा (6ए) के उपबंध (बी) के अंतर्गत, अंतरिम प्रस्ताव प्रफिशनल द्वारा सुनिश्चित किया गया	लागू नहीं
13.	किसी वर्ग में क्रेडीटर्स के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये पहचान किये गये इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेशनल का नाम (प्रत्येक वर्ग से तीन नाम)	लागू नहीं
14.	(क) संबंधित प्रपत्र तथा (ख)प्राधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण उपलब्ध है	(क) www.ibbi.gov.in (ख) लागू नहीं

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, ने 12 जून, 2019 को राठी सुपर स्टील लिमिटेड के संदर्भ में कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेन्सी प्रस्ताव प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है। एतद्द्वारा राठी सुपर स्टील लिमिटेड के क्रेडीटरों को निर्देश दिया जाता है कि प्रविष्टि सं.10 में वर्णित पते पर अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल के पास 4 जुलाई, 2019 को या उससे पूर्व अपने दावे का प्रमाण जमा करें।

फाइनांसियल क्रेडीटर्स केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से ही अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं। अन्य सभी क्रेडीटर्स व्यक्तिगत, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से अपने दावे का प्रमाण जमा कर सकते हैं।

प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष यथा सूचीबद्ध किसी वर्ग से संबंधित वित्तीय क्रेडीटर प्रपत्र सीए में वर्ग के प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिये (लागू नही प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन इन्सॉल्वेन्सी प्रॉफेशनलों में से प्राधिकृत प्रतिनिधि की अपनी पसंद को दर्शाए।

दावे का गलत अथवा भ्रामक प्रमाण जमा करने पर दंडित किया जा सकता है।

हस्ता/–
हरीश चन्दर अरोड़ा
स्थानः नई दिल्ली — अंतरिम प्रस्ताव प्रॉफेशनल
तिथिः 19 जून, 2019 — पंजी सं. -आईबीबीआई/आईपीए-003/आईपी-एन00077/2017-18/10700

pnb Housing Finance Limited

पंजी. कार्यालयः 9वाँ तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली-110001
फोनः 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाईटः www.pnbhousing.com

शाखा का पताः डी-2, सेक्टर-3, नोएडा, उ.प्र.-201301, फोनः 0120-6511224-26, ई-मेलः noida@pnbhousing.com, वेबसाईटः www.pnbhousing.com

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के अंतर्गत पीएनबी हाउसिंग फाइनांस लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 के नियम 8 (1) के अनुपालन में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना प्रत्येक खाता के समक्ष नीचे वर्णित तिथि को जारी कर संबंधित ऋणधारकों को उक्त सूचना(ओं) की तिथि/ उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रत्येक खाता के समक्ष वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प

जनसत्ता

20 जून, 2019

संजीदगी पर सवाल

सरकारों की संवेदनशीलता और संजीदगी की परख तब अधिक होती है जब किसी प्राकृतिक आपदा या महामारी की स्थिति पैदा हो जाती है। बिहार के मुजफ्फरपुर इलाके में करीब दो हफ्ते से दिमागी बुखार का प्रकोप है। रोज ही बच्चों की मौत हो रही है। चिकित्सक समझ नहीं पा रहे कि इस महामारी पर काबू कैसे पाया जाए। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य और स्वास्थ्य राज्यमंत्री स्थिति का जायजा ले और अपनी संवेदना प्रकट कर आए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस बीमारी पर काबू पाने के लिए बेहतर सुविधाओं वाला एक अस्पताल बनाने का आश्वासन भी दिया। मगर सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सबसे बाद में मरीजों का हाल जानने पहुंचे। वे पिछले सप्ताहांत दिल्ली में थे। सोमवार को पटना पहुंचने के बाद उन्होंने अफसरों की बैठक बुलाई, तब प्रशासन कुछ हरकत में आया। यानी करीब दस दिन बाद मुख्यमंत्री मुजफ्फरपुर पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों से बात करके वापस लौट पड़े। हालांकि उन्होंने बेहतर इलाज के निर्देश दिए और घोषणा की कि दिमागी बुखार से पीड़ित हर मरीज की चिकित्सा, चाहे वह सरकारी अस्पताल में हो या निजी, सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। पर मुख्यमंत्री के प्रति लोगों का रोष कम नहीं हुआ। उन्होंने उनके खिलाफ नारे लगाए।

दरअसल, दिमागी बुखार की समस्या नई नहीं है। यह हर साल इस मौसम में बच्चों को अपनी चपेट में लेता है और अनेक बच्चे काल कवलित हो जाते हैं। कोई ऐसा साल नहीं जब सौ से ऊपर बच्चे इस बीमारी से न मारे गए हों। इस साल भी यह संख्या करीब डेढ़ सौ पहुंच रही है। पांच साल पहले भी जब दिमागी बुखार से तीन सौ से ऊपर बच्चे मारे गए थे तो तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने विशेष सुविधाओं वाला एक अस्पताल बनवाने की घोषणा की थी। अब तक उस पर कोई पहल नहीं हुई है। यह बीमारी हर साल मुजफ्फरपुर इलाके में ही सबसे भयावह रूप लेती है। वहां एक ही सरकारी अस्पताल है, जिस पर लोग अपने बच्चों के इलाज के लिए निर्भर हैं। पर वहां न तो माकूल सुविधाएं हैं और न जांच के समुचित साधन। विचित्र है कि अभी तक इस बीमारी की कोई कारगर दवा नहीं खोजी जा सकी है। इसलिए चिकित्सकों की परेशानी समझी जा सकती है। फिर इस बुखार की चपेट में आने वाले ज्यादातर बच्चे गरीब तबके के होते हैं, उनके माता-पिता इलाज के लिए उन्हें किसी अच्छे अस्पताल में नहीं ले जा पाते। इन तथ्यों से वाकिफ होते हुए भी बिहार सरकार समय रहते इस समस्या से पार पाने के उपायों पर ध्यान नहीं देती, तो यह उसकी संवेदनहीनता का ही परिचायक है।

स्थिति गंभीर होने के बाद अस्पतालों के दौरे पर चले जाने या फिर मुफ्त इलाज की घोषणा कर देने भर से समस्या का हल नहीं निकल आता। स्वास्थ्य समवर्ती सूची का मामला है। केंद्र से तैयार होने वाली योजनाओं को आखिरकार राज्य सरकारों को ही लक्ष्य तक पहुंचाना होता है। गरीबों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर कई योजनाएं हैं, पर उनका लाभ लक्षित लोगों को नहीं मिल पा रहा, तो यह राज्य सरकार की नाकामी ही कही जाएगी। समझना मुश्किल है कि जिस इलाके में हर साल इसी मौसम में एक खास तरह का विषाणु अपने पांव पसारता और सैकड़ों बच्चों को लील जाता है, उस पर काबू पाने के लिए आज तक कोई कारगर उपाय करने की कोशिश क्यों नहीं की गई!

भ्रष्टाचार के खिलाफ

सरकार ने भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जिस तरह कठोर कार्रवाई शुरू की है, वह शासन को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। हफ्ते भर में सत्ताईस बड़े अधिकारियों को नौकरी से निकाल कर सरकार ने कड़ा संदेश दिया है कि अब भ्रष्टाचारियों के दिन लद चुके हैं। सरकार ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) के पंद्रह अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त कर दिया है। हफ्ते भर पहले भारतीय राजस्व सेवा के बारह अफसरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था। इन सभी अधिकारियों पर घूसखोरी, वसूली, आय से अधिक संपत्ति बनाने जैसे मामले चल रहे हैं। पिछले कई सालों में यह पहला मौका है जब इतने सारे अधिकारियों को झटके में नाप दिया गया हो। यह देश का दुर्भाग्य ही रहा है कि भारी भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में भी सरकारों ने कोई पहल नहीं की। इसी का परिणाम रहा कि भारत में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी और लाइलाज बीमारी बन चुका है।

भ्रष्टाचार हर चुनाव में बड़ा मुद्दा बनता रहा है। हर दल दावा करता दिखता है कि सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाएगी और भ्रष्ट अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा। लेकिन हकीकत में ऐसा देखने को मिलता नहीं कि भ्रष्ट लोगों को सजा हुई हो। इसी का नतीजा है कि भारत में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार बढ़ता ही गया। हर काम के लिए घूस आम बात है। रोजमर्रा के काम और जरूरी सेवाओं तक में लोगों को पैसे देकर काम कराने को मजबूर होना पड़ता है। पुलिस थाने घूसखोरी और वसूली के अड्डों में तब्दील हो चुके हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। अदालतों से लेकर अस्पतालों तक में बिना घूस दिए काम करा पाना संभव नहीं होता। बड़े स्तरों पर जो भ्रष्टाचार हो रहा है उसकी कल्पना भी नहीं हो सकती। हजारों-करोड़ रुपए के बैंक घोटाले इसका प्रमाण हैं। आइएलएंडएफएस जैसे बड़े वित्तीय संस्थान का लाखों-करोड़ का घोटाला बता रहा है कि भ्रष्टाचार से देश का आर्थिक तंत्र किस कदर चरमरा चुका है। हर मामले की जांच में सामने यही आया है कि बड़े अफसरों के भ्रष्टाचार से ही ऐसे घोटाले संभव हो पाए। इसलिए सरकार ने अब भ्रष्ट अफसरों को नौकरी से निकालने का जो कदम उठाया है, वह यह उम्मीद बंधाने वाला है कि बड़ी मछलियां भी नहीं बचेंगी।

राज्य सरकारें हों या केंद्र सरकार, शायद ही कोई मंत्रालय ऐसा होगा जो भ्रष्टाचार से अछूता हो। भ्रष्टाचार के वैश्विक पैमाने पर भी भारत की हालत दयनीय है। हमारी गिनती सबसे भ्रष्ट मुल्कों में होती है। ताज्जुब तो इस बात का है कि हर राज्य सरकार में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग होता है, केंद्र के पास भी भ्रष्टाचार से निपटने के लिए सीबीआइ, प्रवर्तन निदेशालय जैसी कई संस्थाएं और विभाग हैं, फिर भी भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पाती। ये विभाग दिखावे के लिए काम तो करते हैं, पर उसका हासिल कुछ नहीं बनता। भ्रष्टाचार में लिप्त लोग कानूनी पेचीदगियों और नियमों के मकड़जाल का भरपूर फायदा उठाते रहते हैं। भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाला तंत्र भी कम ताकतवर नहीं होता। पिछले साल देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी सीबीआइ में ही शीर्ष स्तर पर अधिकारियों ने एक-दूसरे पर जिस तरह भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, वह यह बताने के लिए काफी है कि इन संस्थाओं को जिस बीमारी से लड़ना है वे खुद ही उससे ग्रस्त हैं। ऐसे में भ्रष्टाचारियों के चक्रव्यूह को भेद पाना आसान नहीं है। लेकिन सरकार चाहे तो क्या नहीं कर सकती! भ्रष्टाचार से लड़ना मुश्किल जरूर है, पर असंभव नहीं। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए।

कल्पमेधा

महत्त्वाकांक्षी के लिए ख्याति खारे जल के समान है, जिसे जितना पीता है, उतनी ही प्यास बढ़ती जाती है।

-इमर्सन

मोटे अनाज की खेती पर संकट

रवि शंकर

मोटे अनाज की खेती को लेकर सरकार का रवैया बीते पांच सालों में जितना उत्साहवर्धक होना चाहिए, उतना दिखा नहीं। मोटे अनाज के बहुआयामी लाभों के बावजूद सरकार इनकी सरकारी खरीद, भंडारण और वितरण की कोई व्यवस्था नहीं करती। यही कारण है कि किसान इन फसलों की खेती मजबूरी में ही करते हैं।

एक समय था जब भारत की कृषि उत्पादन प्रणाली में काफी विविधता देखने को मिलती थी। गेहूं, चावल, जौ, राई, मक्का, ज्वार, बाजरा आदि अनेक प्रकार की फसलें उगाई जाती थीं। लेकिन समय के साथ मोटे अनाजों का रकबा कम होता गया। अब स्थिति यह है कि बदली कृषि नीति ने भारतीयों को गेहूं व चावल आदि जैसी फसलों पर निर्भर बना दिया है। इसके अलावा बाजारीकरण के बढ़ते प्रभाव से लोगों का मोटे अनाजों, दलहन और तिलहन की खेती से मोहभंग होता चला गया। हरित क्रांति के दौर में जिस एक फसली खेती को बढ़ावा मिला, उसमें धान और गेहूं जैसी फसलों को केंद्रीय भूमिका प्रदान की गई। इसका परिणाम यह हुआ कि कुल कृषि भूमि में मोटे अनाजों की पैदावार घटती गई। किसान भी गेहूं व धान का रकबा ज्यादा से ज्यादा रखना चाहते हैं, क्योंकि इनका समर्थन मूल्य पर बिकना तय है। इन फसलों का समर्थन मूल्य हर साल बढ़ता है। साथ ही, समर्थन मूल्य पर राज्य सरकारें अतिरिक्त बोनस की घोषणा भी करती हैं। इसलिए किसान हर साल इन फसलों का रकबा बढ़ाते जा रहे हैं। लेकिन ज्यों-ज्यों गेहूं और धान का रकबा बढ़ रहा है, त्यों-त्यों अन्य फसलों- दलहन, तिलहन और मोटे अनाज का रकबा लगातार घटता जा रहा है। प्रोटीन का मुख्य स्रोत माने जाने वाले मोटे अनाज जैसे ज्वार, कोदो, कुटकी, बाजरा अब दुर्लभ हो गए हैं। चिंता की बात यह है कि उच्च कैलोरी वाले ये परंपरागत मोटे अनाज अब हमारी थाली से गायब हो गए हैं। इनकी खेती पर्यावरण के लिए भी अच्छी है। पर पिछले पचास सालों में भारत में मोटे अनाज का रकबा साठ फीसद तक घटा है। इसके स्थान पर अब चावल और गेहूं की खेती ज्यादा होने लगी है। जबकि चावल और गेहूं ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं। इस पर शायद ही कोई ध्यान दे रहा हो या विचार कर रहा हो।

हम तिलहन और दालों का आयात करते हैं। हमारे छोटे-छोटे कस्बों के हाट बाजार तक में चीन से आयातित तुअर दाल बिक रही है। तुअर दाल शाकाहारियों के प्रमुख प्रोटीन का स्रोत है। मगर आजादी के बाद से इसके रकबे और पैदावार में लगातार गिरावट आ रही है। दलहनों की पैदावार में गिरावट की मुख्य वजह इसके रकबे में लगातार कमी होना है क्योंकि गेहूं और धान के मोह ने किसानों को दालों से दूर कर दिया है। तिलहन के मामले में हम हरित क्रांति के समय तक लगभग आत्मनिर्भर थे और करीब हर गांव में कोल्हू चलते थे। किसान अपने खेत में पैदा की गई मूंगफली, तिल और सरसों से तेल तैयार करवाते थे। लेकिन अब किसान गणेश की पूजा के लिए भी तिल बाजार से खरीदता है और बाजार में यह तिल आ रहा है चीन और ब्राजील से। अगर मलेशिया से पाम ऑयल, अमेरिका और ब्राजील से सोया ऑयल न आए तो देश में खाद्य तेलों को लेकर हाहाकार मच सकता है।

तिलहन की यह स्थिति इसलिए बनी है कि किसान ने इन्हें उगाना ही बंद कर दिया है। अब खेतों में केवल गेंहू, गन्ना और धान होने का सीधा-सा मतलब है कि ये फसलें हमारी फसलों की जैव विविधता को भी खत्म कर रही हैं। एक तरफ तो इन आसान फसलों ने जैविक विविधता को खत्म किया है दूसरी तरफ इनसे जल संकट बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। इन फसलों में दलहन, तिलहन और मोटे अनाज की तुलना में कई गुना अधिक पानी लगता है। यह पानी धरती से आता है, जिसका सीधा असर भूजल स्तर पर पड़ा है। इससे पेयजल की किल्लत बढ़ रही है और पानी दुर्लभ होता जा रहा है। पानी के साथ इन फसलों में यूरिया की खपत भी लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे जमीन का उपजाऊपन नष्ट हो रहा है।

अब योजनाकारों को चिंतन करना है कि देश के लिए, किसान के लिए और आम आदमी के लिए गेहूं, गन्ना और धान के साथ अन्य फसलें भी जरूरी हैं। उन्हें भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ प्रोत्साहन और बाजार की व्यवस्था करने की जरूरत है। केवल गेहूं, गन्ना और धान का समर्थन मूल्य बढ़ा कर और उन पर बोनस घोषित कर चुनाव में किसानों के वोट तो बटोरे जा सकते हैं, मगर उसे अन्य जरूरी खाद्यान्न के लिए बाजार के हवाले कर उसका लाभ हानि में ही बदला जा रहा है। साथ ही, फसलों की जैविक विविधता के खात्मे के साथ जल संकट भी तेजी से बढ़ रहा है।

लंबे समय से मोटे अनाजों की खेती को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत हो रहे हैं। मोटे अनाजों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित करने की योजना बन रही है, जैसे राजस्थान में बाजरा और दक्षिण भारत में रागी का वितरण हुआ है। इन अनाजों के लिए लाभकारी समर्थन-मूल्य घोषित किए जाने, इनकी सरकारी खरीद, भंडारण व विपणन के लिए प्रभावी नेटवर्क बनाने जैसे कदम बड़े उठाने की जरूरत है। इसके अलावा मोटे अनाजों के अनुसंधान व विकास की सुविधाएं देश भर में स्थापित की जाएं, मोटे अनाजों की खेती के लिए रियायती दर पर ऋण सुविधा के लिए कानून बने और सरकार सबसिडी नीति की दिशा मोटे अनाजों की खेती की ओर भी मोड़े, तभी अपेक्षित परिणाम देखने को मिलेंगे। इस प्रकार बदलते मौसम चक्र, एक फसली खेती से हो रहे नुकसान आदि को देखते हुए मोटे अनाज की खेती भविष्य में उम्मीद की किरण के समान है। इससे न केवल कृषि का विकास होगा, बल्कि खाद्य-सुरक्षा के साथ-साथ उचित पोषण और स्वास्थ्य-सुरक्षा भी हासिल होगी।

मोटे अनाज की खेती को लेकर सरकार का रवैया बीते पांच साल में जितना उत्साहवर्धक होना चाहिए, उतना दिखा नहीं। मोटे अनाज के बहुआयामी लाभों के बावजूद सरकार इनकी सरकारी खरीद, भंडारण और वितरण की कोई व्यवस्था नहीं करती। यही कारण है कि किसान इन फसलों की खेती मजबूरी में ही करते हैं। ऐसे में यदि सरकार गेहूं और धान से आगे बढ़ कर इन अनाजों की खरीद, भंडारण और बिक्री का नेटवर्क बनाए तो किसान एक बार फिर मोटे अनाज की बड़े पैमाने पर खेती के लिए प्रोत्साहित हो सकता है। लेकिन इसके लिए जिस राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है, उसका फिलहाल अभाव है। यह ठीक है कि बीते साल सरकार ने पोषक अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए मिशन शुरू किया है। इसके तहत देश के चौदह राज्यों के दो सौ से अधिक जिलों को चिह्नित किया गया है। इन राज्यों की जलवायु मोटे अनाज की खेती के अनुकूल है।

अब एक ऐसी नई हरित क्रांति लाने की आवश्यकता है जिससे मोटे अनाज की पैदावार में वृद्धि हो सके। इससे जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट, भू-जल ह्रास, स्वास्थ्य और खाद्यान्न संकट जैसी समस्याओं को भी काबू किया जा सकता है। इन फसलों को पानी, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की जरूरत कम पड़ती है और मिट्टी व भू-जल स्तर पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ता। इसके अलावा, इन फसलों को उगाने में खेती की लागत भी कम बैठती है। सूखा प्रतिरोधी होने के साथ-साथ ये फसलें कम उपजाऊ भूमि पर भी सफलता से उगाई जा सकती हैं। पौष्टिकता और सेहत के मामले में भी मोटे अनाज गेहूं व चावल पर भारी पड़ते हैं। इनमें प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, लोहा, विटामिन और अन्य खनिज चावल और गेहूं की तुलना में दो गुने अधिक पाए जाते हैं। इन विशेषताओं के बावजूद मोटे अनाज किसानों, कृषि-वैज्ञानिकों और नीति-निर्धारकों की नजर में उपेक्षित हैं तो इसके पीछे प्रमुख कारण जनसाधारण में इनके प्रति फैली उपेक्षा की भावना है।

भूले-बिसरे फल

अरुणेंद्र नाथ वर्मा

दुनिया मेरे आगे

कोयल की कूक में 'बा-अदब बा-मुलाहिजा होशियार' सुन पाना सबके बस की बात नहीं। लेकिन आम के प्रेमियों के लिए उसमें फलों के राजा के आगमन की अग्रिम खबर होती है। इधर कोयल ने बावरी होकर कूकना शुरू किया, उधर आम बौराया। आम्रमंजरी पहले खट्टी अमियां बनती है, फिर धीरे-धीरे मदमाती मिठास से भरपूर होने लगती है। अंत में जब पीले, सिंदूरी रंगों से शृंगार करके वह आम से खास बन जाती है तो पेड़ों की डालियों से ससम्मान उतार कर, गर्वोन्मत्त आम को ठेस लगने से बचाते हुए बाजारों में लाकर फलों के राजा के रूप में सिंहासनारूढ़ कर दिया जाता है। हापुसवंशी हुआ तो सैकड़ों रुपए दर्जन में उसका मोल आंका जाता है और दशहरी, केसर, नीलम, बंगनपल्ली जैसे किसी सुपरिचित नाम से हुआ तो भी बाजार यथासंभव आम आदमी से उसकी दूरी बनाए रखता है। 'कुलीन' वंशों में जन्मीं, लेकिन लू लगने से जरा खराब हो गईं, आंधियों के प्रकोप से परिवार से बिछुड़ गईं या फिर समृद्ध महानगरों से दूर ही फले-फूले आमों की सवारी देहात की पगडंडियों में उलझ कर शहरों में सिंहासनारूढ़ होने पहुंच ही न सकीं, वे खास के बजाय आम बन कर आम आदमी के काम आती हैं।

ऐसे में मन द्रवित हो उठता है फलों के समाज को आहत करती भेदभाव और बंटवारे की बीमारी को देख कर। मिठास के बावजूद केवल तराशी गई शक्ल-सूरत वाले आमों जैसा नहीं होने के कारण बेचारे कई फल अपने समाज के हाशिये पर रह जाते हैं। स्वाद, रूप, गंध- हर तरह की जन्मजात 'कुलीनता' पर खुद ही रीझे हुए आम, सेब, अंगूर, नाशपाती जैसे फलों की पांत में स्ट्रॉबेरी और अनार जैसे फल भी अपनी रक्ताभ सुंदरता का गरूर छलकाते हुए बैठ जाते हैं। उधर किवी फ्रूट, पर्सिमोन, ड्रैगन फ्रूट जैसे विदेशी फल अपनी पाश्चात्य और आयातित छवि के कारण ऐसे अति-अभिजात मालूम होते हैं जैसे फलों के बीच आभिजात्य या एलीट तबके जैसा कुछ हो। ऐसे में याद आते हैं वे बेचारे बाजार की दौड़ में पिछड़ गए फल, जिन्होंने बाजार की चमक-दमक के आगे लज्जित होकर विस्मृति की चादर में अपना मुंह छिपा लिया। कुछ को हाशिये के बाहर कर दिया गया, लेकिन वे अब भी जीवित हैं, पेड़ों से टपक कर धरती के ममतामय आंचल में सांत्वना तलाशते हैं। बहुत हुआ तो गांव-गंवई के बच्चों, चरवाहों की हथेली में आकर टिक जाते हैं। आगे जाने का दुस्साहस करते भी हैं तो देहात के हाट के आगे नहीं। शहरों की युवा पीढ़ी उन्हें क्या जानेगी!

कटहल को सब्जी के अतिरिक्त एक सुस्वादु फल के रूप में भी बहुत से लोग जानते हैं। बेचारा पका हुआ कटहल, अनन्नास या पाइनएपल जैसी सुगंध और स्वाद के बावजूद अभिजात फलों की पंगत में नहीं बैठ पाता। पर मुझे कटहल की नहीं, फिलहाल बड़हल की याद आ रही है। पके कटहल से कुछ हद तक मिलते स्वाद वाले इस बेचारे फल को इसकी बेडौल आकृति और उभरे-फूले बाहरी हिस्से ने कहीं का न छोड़ा। शायद शक्ल-सूरत की कमजोरी ने बड़हल को बदहाल बना दिया है। अब तो वह देहातों में भी कम ही दिखता है। इस बदहाली में उसके साथ एक और गरीब है। उसके गोल-मोल आकार से भ्रमित होकर उसे जंगल-जलेबी का नाम देने वाले उसमें जलेबी की मिठास ढूंढ़ने लगें तो उसकी क्या गलती! इस बेचारी जलेबी को अच्छे दिनों में भी किसी ने पैसे खर्च करके नहीं खाया होगा। बच्चों के ढेलों-पत्थरों से आहत होकर धराशायी हो जाना ही हमेशा से उसकी नियति थी!

अपनी बदरंग दाढी-मूंछनुमा बनावट का मारा हुआ बेचारा कसेरू भी है जो ताल-तलैयों में अपनी घास जैसी देह में सुपारी के आकार के फल छिपाए रहता है। उनमें कच्चे नारियल जैसी मिठास और शीतलता होती है। अब न रहे ताल-तलैया, न रहा कसेरू। उधर पहाड़ों की गर्वीली ऊंचाइयों को भी इंसान ने खोद फेंकने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन उन्हें पूरी तरह मिटा नहीं पाया। अच्छा हुआ! वरना कहां जाता शहतूत जैसी मिठास और शक्ल वाला काफल, जो पहाड़ों में अपने सगोत्रीय और पड़ोसी अंजीरनुमा बेडू को बारहों मास मुस्कराने देता है, पर खुद केवल चैत में पकता है। इन दोनों ने उत्तराखंड को अपने स्वाद से भी बढ़ कर मीठा लोकगीत दिया है- 'बेडू पाको बारामासा, नरण काफल पाको चइता मेरी छैला..!'

जंगल-जलेबी, बड़हल, कसेरू, काफल, बेडू सब निरायास उगते हैं। मासूम आंखों से अपना गुण-ग्राहक तलाशते हैं। अंत में चुपचाप इर्द-गिर्द फैली अपनी जैसी गरीबी पर कुर्बान हो जाते हैं। विस्मृति के गर्भ में खो गए या खोते हुए ये बेचारे फल अपने समाज के हाशिये पर ही रह गए। पर सबसे ज्यादा दुखी है बेचारा गूलर, जिसके नसीब में फूल बन कर इठलाना भी नहीं लिखा था। हाल में एक खबर पर नजर गई और वह अगर सच है तो गूलर को अपवित्र मान कर कांवरिया यात्रियों के रास्तों के किनारे से हटा देने के बारे में सोचा जा रहा है। क्या इन बेचारों को भी फल मानने वाली आखिरी पीढ़ी मेरी ही पीढ़ी रह जाएगी?

नौकरशाही की सफाई

केंद्र सरकार ने जिस तरीके से भ्रष्ट अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाया, उससे साफ संकेत मिले हैं कि पहले कार्यकाल में सफलतापूर्वक स्वच्छ भारत अभियान चलाने वाले प्रधानमंत्री का दूसरा कार्यकाल नौकरशाही में स्वच्छता लाने वाला होगा। पहले बारह वरिष्ठ वित्त अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बाद अब राजस्व सेवा के पंद्रह वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जबरन सेवानिवृत्त कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने सेवा के सामान्य वित्त नियम 56-जे के तहत इन यह कार्रवाई की है। ये पंद्रह अधिकारी मुख्य अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड से संबंधित हैं।

अंग्रेज शासनकाल की बिगड़ैल नौकरशाही के लिए चलाया गया यह चिरप्रतीक्षित सफाई अभियान न केवल समयानुकूल बल्कि स्वागतयोग्य भी है। यह किसी से छिपा नहीं है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश को पिछड़ा और गरीब रखने के लिए इसी नौकरशाही का एक बड़ा तबका सर्वाधिक जिम्मेवार है। यह ठीक है कि कुछ भ्रष्ट तत्त्वों के चलते पूरी नौकरशाही को भ्रष्ट नहीं कहा जा सकता लेकिन हर सरकारी विभाग में छिपी काली भेड़ों को पहचानना और उनके खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई करना अत्यंत जरूरी है।

खबरों के मुताबिक केंद्र सरकार ने ऐसे अधिकारियों की सूची बनाई जिनकी उम्र 50 साल से अधिक है और वे अपेक्षा के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों को सरकार नियम 56 के तहत सेवानिवृत्त कर रही है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति के तहत अपने पहले कार्यकाल में ऐसे अधिकारियों की सूची बनाने के बाद दूसरे कार्यकाल में भाजपा सरकार ने तेजी से इन अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाना शुरू किया है। इन अधिकारियों पर घूसखोरी, फिरौती, कालेधन को सफेद करने, आय से अधिक संपत्ति अर्जन, किसी कंपनी को गलत फायदा पहुंचाने जैसे आरोप हैं। इनमें से अधिकांश अधिकारी पहले से ही सीबीआई के शिकंजे में हैं।

भाजपा को 2014 में स्पष्ट जनादेश मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए सरकार में व्यापक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ ही मिला था। यह ठीक है कि भाजपा सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान उसके किसी मंत्री पर बेईमानी के गंभीर आरोप नहीं लगे पर यह तथ्य भी उतना ही ठीक है कि नौकरशाही में फैले भ्रष्टाचार के चलते आम लोगों को भ्रष्टाचार की समस्या से राहत नहीं मिली। प्रशासन में निचले स्तर पर भ्रष्टाचार की उसी तरह शिकायतें आती रहीं। एक ईमानदार सरकार में भ्रष्ट नौकरशाही को देख लोगों में यह भावना घर करती दिखी कि शायद इसका कोई स्थायी समाधान है ही नहीं और सरकार कोई भी आए, बाबू अपनी ही रीति-नीति चलेंगे! हर्ष का विषय है कि मौजूदा केंद्र सरकार ने जनता की इस परेशानी को न केवल समझा बल्कि इस दिशा में काम करना भी शुरू कर दिया है।

● *राकेश सैन, खंडाला फार्मिंग कॉलोनी, वीपीओ लिदड़ां, जालंधर*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

स्वास्थ्य की सुध

भारत दावा करता है कि जियोपॉलिटिकल सूची में देश की रैंकिंग बढ़ती जा रही है लेकिन यहां स्वास्थ्य सेवाओं की हालत उसके इस दावे को शक में दायरे में खड़ा करती है। स्वास्थ्य सेवा पर भारत का कम खर्च सालों से जानकारों के लिए चिंता का विषय है। दुनिया की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद भारत अपने जीडीपी का महज 1.5 फीसद स्वास्थ्य पर खर्च करता है जो दुनिया के सबसे कम खर्च करने वाले देशों में से एक है। भारत ने अपने अंतरिम बजट में रक्षा के लिए जीडीपी का 10.6 प्रतिशत खर्च करने की बात कही जो स्वास्थ्य के मुकाबले पांच गुना ज्यादा है। 2017 में केंद्र सरकार ने वादा किया था कि 2025 तक देश के कुल जीडीपी का 2.5 प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च किया जाएगा। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना सरकार के लिए चुनौती है, लेकिन एक और चुनौती जो अभी केंद्र सरकार के सामने विशाल आकार लिए खड़ी है वह है देश की चरमरा चुकी सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था।

● *शिवानी पटेल, कानपुर*

शपथ और विपथ

हमारे सेक्यूलर देश की संसद का सत्र चल रहा है। वहां नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह जारी है। अल्पसंख्यक समुदाय से बावस्ता एक निर्वाचित सदस्य असदुद्दीन ओवैसी शपथ लेने के लिए उठते हैं और तभी उनके सम्मान में माननीयों द्वारा सदन में 'जय श्री राम' और 'भारत माता की जय' के नारे बुलंद होते हैं। जवाब में वे उत्तेजित और हताश सांसद भी शपथ के अंत में 'जय भीम, अल्लाह हू अकबर और जय हिंद' बोल कर बैठ जाते हैं। अखबार वाले चुप हैं, मीडिया चुप है। अब जब जानकारी के रास्ते चुप हैं, तो जाहिर है कि जनता भी चुप है।

लेकिन हमारा ध्यान बार-बार माननीयों द्वारा ली गई शपथ के इन शब्दों पर जाकर रुक जाता है कि 'मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा'। एक समाजवादी, पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य की वकालत करने वाले संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा की कसम का सदन के भीतर ही ऐसा तात्कालिक निर्वाह अभूतपूर्व है! भूतपूर्व होने की बारी तो शायद संविधान और उसकी रूह की है। अचरज वाली बात नहीं है। आखिरकार यही तो चाहते हैं 'हम भारत के लोग!'

● *राहुल मिश्र, विकास कॉलोनी, चिरगांव, झांसी*

नल से जल

नीति आयोग यह कहते हुए देशवासियों को सचेत कर रहा है कि 2020 तक 21 नगरों का भूजल खत्म हो जाएगा और 2030 तक देश की 40 फीसद आबादी की प्यास बुझाना भी मुश्किल हो जाएगा। इस डरावनी भविष्यवाणी के बाद केंद्र सरकार 'नल से जल' योजना की शुरुआत करने की बात कर रही है। 2024 तक सभी घरों में पाइप लाइन के जरिए जल देने का वादा किया जा रहा है। कैसे होगा, इसकी रूपरेखा नहीं बताई जा रही है। नदियों के पाट सिकुड़ रहे हैं। भूजल चट होता जा रहा है। अभी केवल अठारह फीसद घरों तक नल से जल जाता है। शेष बयासी फीसद के लिए काम करना है। वैसे कुछ भी असंभव नहीं है। जल प्रबंधन को सरकार और जनता अगर अपना प्रथम कर्तव्य मान ले तो इस कार्य को भी किया जा सकता है। लेकिन बरसात का जल हर कीमत पर बर्बाद हो जाने से रोकना पड़ेगा।

● *जंग बहादुर सिंह, गोलपहाड़ी, जमशेदपुर*

जनसत्ता
युवा शक्ति
20 जून, 2019 7

इस तरह से करें फूड ब्लॉगिंग की शुरुआत

सबसे पहले तो यह तय करें कि आपको किस तरह के खाने का ब्लॉग बनाना है। यानी दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय, शाकाहारी या मांसाहारी या आप अपने ब्लॉग पर सभी तरह के खाने के बारे में जानकारी देंगे। इसके बाद खाने के कुछ फोटो, वीडियो और लेख पहले से ही तैयार कर लें। इसके बाद अपने ब्लॉग को सोशल मीडिया की विभिन्न वेबसाइट से जोड़ लें ताकि आपके बारे में अधिक से अधिक लोग जान सकें। इसके बाद हर दिन कम से कम चार पोस्ट डालना शुरू करें। धीरे-धीरे आपके फॉलोअर बढ़ते जाएंगे।

करिअर में आए ठहराव से ऐसे पाएं पार

परामर्श

हममें से ज्यादातर लोग स्कूल-कॉलेज के दिनों में ही अपना लक्ष्य यानी करिअर तय कर लेते हैं। इसके बाद पढ़ाई पूरी होते ही नौकरी की तलाश में लग जाते हैं। फिर जो भाग्यशाली होते हैं, उन्हें अपनी पसंद की नौकरी मिल जाती है। ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है। इनमें से कुछ मन मारकर काम करते हैं तो कुछ लोग अपने लक्ष्य से भी बड़ा मुकाम हासिल कर लेते हैं। अच्छी नौकरी मिलते ही लगता है जैसे जीवन सफल हो गया। नई नौकरी, नए साथी, नई जिम्मेदारियां पाकर उत्साह और खुशी का ठिकाना नहीं रहता। लेकिन नौकरी के दो से तीन साल बाद ही करिअर में एक ठहराव आ जाता है। वही काम हमें अच्छा नहीं लगता है जिसे हम सालों से करते आ रहे हैं। अगर आप अपने काम बदलाव लाना चाहते हैं तो इन उपायों को अपना सकते हैं।

खुद के बारे में जानें : पढ़ाई पूरी होते ही फलाना कंपनी में फलाना बनने का लक्ष्य रखते हैं लेकिन लक्ष्य पूरा होते ही बदल जाता है। इसलिए कंपनी बदलने से बेहतर है कि शांत दिमाग से अपनी कमी और कमजोरी को जाना जाए। देखें कि आप किस जगह कमजोर है, क्या भाषा पर पकड़ नहीं है या किसी और भाषा की मांग या फिर तकनीकी ज्ञान या फिर व्यक्तित्व या ब्रांडिंग की। फिर जिस बात में आप कम हैं, उस कमी को शिद्दत के साथ जल्द से जल्द पूरा करें। एक बात याद रखें कोशिश की जाए तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है।

अपना कौशल बढ़ाएं : करिअर में ठहराव महसूस होने पर जरूरी है कि अपना कौशल बढ़ाया जाए। अगर आपकी वर्तमान भूमिका में विकास नहीं हो रहा है या आपकी कंपनी किसी भी पेशेवर विकास की पेशकश नहीं करती है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप खुद के लिए अवसर नहीं बना सकते हैं। बिना नौकरी छोड़े भी अपने कौशल को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए एक गुरु की तलाश करें या फिर अपने करिअर से जुड़े छोटे-मोटे पाठ्यक्रम करें, प्रशिक्षण लें या फिर कार्यशाला में भाग लें। इससे नए चीजों की जानकारी होगी और आपका कौशल बढ़ेगा।

भाषा ज्ञान बढ़ाएं : आज हर क्षेत्र में एक से अधिक भाषा का ज्ञान रखने वाले पेशेवरों की मांग है। अगर आपकी भी रुचि विदेशी भाषाओं को सीखने में है तो भाषा को ज्ञान अवश्य बढ़ाएं। हो सके तो बाजार की मांग के मुताबिक भाषा सीखें। इससे आपके काम में विविधता तो आएगी ही साथ ही कंपनी में वाह-वाही भी होगी।

खुद की ब्रांडिंग करें : अच्छे कर्मचारी होने के साथ अगर आप बेहतर वक्ता, लेखक, प्रशिक्षक, ब्लॉग लिखते हों या अन्य कोई तकनीकी ज्ञान रखते हैं तो इस संदर्भ में कंपनी को जरूर बताएं। इसका फायदा यह होगा कि कंपनी आपको प्रशिक्षण या कंपनी की पत्रिका या ब्लॉग के कामों में भी लगा सकती है। इससे आपको रोजमर्रा के कार्यों से अलग करने का मौका मिलेगा।

पढ़ते रहें, सीखते रहें : करिअर में आगे बढ़ने के लिए लगातार पढ़ने और सीखते रहने की भी जरूरत होती है। पढ़ने से मतलब कॉलेज की पढ़ाई से नहीं है, सीखने से है। इसलिए पत्र-पत्रिकाएं, अखबार, डिजिटल माध्यमों से ज्ञान लेते रहें, पढ़ते रहें। पढ़ना बंद होते ही सीखना बंद हो जाता है।

युवा शक्ति डेस्क

रास्ता नया तय कर लिया

मीना

रात का अंधेरा, सूनी सड़क, स्टेयरिंग पर हाथ और पीछे बैठी अनजान सवारी। महिला कैब ड्राइवर अब शहरों के लिए अजूबा नहीं रही हैं। अपने पांवों पर खड़े होने के लिए बहुत सी हिम्मती महिलाओं ने इस पेशे को चुना है। कैब चलाने जैसे चुनौती भरे पेशे को अपनाने वाली महिलाओं से बातचीत।

दिन के सपने पूरे करने के लिए रात की पाली

मुझे पहली बुकिंग रात दो बजे की मिली थी। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं कैसे करूंगी। मैं कैसे रात में बाहर जाऊंगी। वापस कैसे आऊंगी, लेकिन हिम्मत के साथ किया तो सब हो गया। मेरे पति ने मुझे गाड़ी तक छोड़ा। रात का वो सूनसान माहौल पहली बार देखा। रात की वो पहली ड्यूटी करके जो सुकून मिला उसे बयां नहीं कर सकती। ऐसा लग रहा था कि आज मैंने दुनिया जीत ली। ये कहना है जयपुर में 'सखा' कैब सर्विस के साथ काम करने वाली मधु का। 29 साल की मधु का कहना है कि एक समय था जब मैं रात के सूनेपन से डरती थी और आज का समय है कि मुझे रात में ही ड्यूटी करना पसंद है। रात में सड़कें खाली होती हैं और गाड़ी एकदम मस्त चलती है। मधु कहती हैं कि मैं कभी घर से बाहर नहीं निकलती थी और रात के समय तो बिल्कुल नहीं। और आज का समय है कि मैं जयपुर के अलावा आगरा और दिल्ली भी सवारी लेकर जाती हूं। मधु का कहना है कि हर काम की कुछ चुनौतियां होती हैं। मेरी भी हैं। रात में काम करने पर नींद खराब होती है। इस वजह से मैं अपने बच्चों से अलग कमरे में सोती हूं। मेरे लिए पहले नौकरी है फिर नींद। उनके लिए कैब चलाना सिर्फ नौकरी नहीं है बल्कि खुद की पहचान बनाने का जरिया है।

मधु

शीबा

गाड़ी से भरी उड़ान

'आजाद फाउंडेशन' महिलाओं को गाड़ी चलाने का प्रशिक्षण देता है और 'सखा' उन्हें नौकरी। सखा कैब सर्विस केवल महिलाओं के लिए है। आजाद फाउंडेशन जिन शहरों में काम करता है वहां करीब 400 से ज्यादा महिलाएं प्रशिक्षित चालक के रूप में काम कर रही हैं। 'सखा' कंसल्टिंग विंग की ऑपरेशन प्रमुख शीबा का कहना है कि पुरुष प्रधान समाज में आम धारणा है कि महिलाएं सुरक्षित ड्राइव नहीं करती बल्कि सच ये है कि लड़कियां ट्रैफिक के सभी नियमों को मानती हैं और सुरक्षित गाड़ी चलाती हैं। शीबा का कहना है कि हमारी कैब में पैनिक बटन होता है। इसके अलावा 24 घंटे चलने वाला ऐप। महिलाएं जब भी किसी दिक्कत में होती हैं तो इस बटन का प्रयोग कर सकती हैं। हमारे यहां लगभग 90 फीसद महिलाएं रात में गाड़ी चलाना पसंद करती हैं। हम महिलाओं की काउंसलिंग करते हैं। रात में कैब चलाने के लिए शुरू के कुछ दिन उनके साथ किसी वरिष्ठ चालक को भेजते हैं। जब उनमें आत्मविश्वास आ जाता है तब उन्हें गाड़ी देते हैं। दूसरा, लोगों को लगता है कि रात में गाड़ी चलाने में खतरा है लेकिन सच ये है कि खतरा केवल घर से बाहर नहीं होता बल्कि घर में भी होता है।

गीता

'मेरे बच्चों को गर्व है कि मैं ड्राइवर हूं'

'सखा' के साथ गीता 2013 से काम कर रही हैं। वे कहती हैं कि हमारे यहां कंपनी से जो संपर्क मिलते हैं, उन्हीं के लिए हम गाड़ी चलाते हैं। जो भी ड्यूटी होती है वो एक दिन पहले बता दी जाती है। मैं रात में अच्छे से काम कर लेती हूं। मुझे रात में डर नहीं लगता। गाड़ी को हम अपनी जिम्मेदारी समझकर चलाते हैं। गाड़ी चलाते समय हमारा एक ही लक्ष्य होता है कि सवारी को सुरक्षित घर पहुंचाना है। गीता कहती हैं कि जब मुझे पहली बार रात में गाड़ी चलाने का मौका मिला था तब मैं उत्साहित थी। उस रात मैंने सात से आठ घंटे लगातार गाड़ी चलाई थी। मैं बहुत खुश थी उस दिन। मेरे बच्चों को भी आज गर्व है कि मैं ड्राइवर हूं। बच्चों को लगता है कि मैं कुछ अलग काम कर रही हूं। घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में मेरा बहुत बड़ा सहयोग है।

अभिनेता आमिर खान के साथ मीना।

'लोग अपनी बेटियों को मुझ जैसी बनने को कहते हैं'

दिल्ली की रहने वालीं मीना का कहना है कि मुझे रात में गाड़ी चलानी थी और घर से इजाजत मिल नहीं रही थी। फिर मैंने दफ्तर में कह दिया था कि अगर मेरे घर से फोन आए और पूछें कि रात में गाड़ी चलाना जरूरी है तो कह देना हां। वैसे दफ्तर की तरफ से हमें पूरी आजादी थी कि हम दिन में काम करें या रात में, लेकिन मुझे रात में ही काम करना था। जब दफ्तर के लोगों ने घरवालों से कहा कि हां रात में ही ड्यूटी मिलेगी। तब घर वालों ने मुझे रात में भी काम करने की इजाजत दे दी। रात में सीएनजी पंप खाली होते हैं, ट्रैफिक और भीड़भाड़ नहीं होती। इसलिए गाड़ी चलाने में मजा आता है। आज मुझे आठ साल हो गए हैं ये काम करते हुए। इन आठ सालों में बड़े-बड़े अभिनेताओं को अपनी गाड़ी में बैठाया है। जब आमिर खान आते हैं तो उन्हें भी हवाईअड्डे से लेकर आती हूं। मुझे आज मेरे मोहल्ले और मेरे परिवार के अलावा बहुत से लोग जानते हैं। रात में जब गाड़ी चलाने के लिए जाती थी तो मेरे पड़ोस के लोग मेरे बारे में न जाने क्या-क्या सोचते थे, मां परेशान हो जाती थीं। तब मैं उन्हें समझाती थी कि जब कोई कामयाबी पाता है तो लोग जलते हैं। आज मेरा ही मोहल्ला मेरी कहानी अपनी बेटियों को सुनाता है और मेरे जैसी बनने को कहता है। अपने काम को लेकर 26 साल की मीना कहती हैं कि अव्वल तो कोई ग्राहक हमारे साथ गलत व्यवहार नहीं करता। अगर कभी कोई बदतमीजी करता है या शराब पीकर आता है तो हमें उसे गाड़ी से उतारने का पूरा अधिकार होता है ।

सूचनापट्ट

दाखिले

डीयू, दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की 62,500 से अधिक स्नातक पाठ्यक्रमों की सीटों और करीब 12,000 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सीटों के अलावा एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों की खाली सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्नातकोत्तर, एमफिल और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले होते हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) डीयू के 9 स्नातक पाठ्यक्रमों सहित 180 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन करेगी। प्रवेश परीक्षाएं 30 जून से 6 जुलाई तक होंगी। अनारक्षित और ओबीसी श्रेणी के आवेदकों को स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पंजीकरण शुल्क के रूप में 250 रुपए देने होंगे, जो पिछले साल के मुकाबले 100 रुपए अधिक है। पंजीकरण से लेकर पाठ्यक्रम शुल्क का भुगतान डीयू के पोर्टल के माध्यम से ही होगा। इसी तरह एससी, एसटी और पीडब्लूडी श्रेणी के आवेदकों को 100 रुपए और ईसीए व खेल श्रेणी के आवेदकों को 100 रुपए देने होंगे। इसी तरह प्रवेश परीक्षा आधारित पाठ्यक्रमों के लिए अनारक्षित व ओबीसी श्रेणी के आवेदकों को 750 रुपए और एससी, एसटी और पीडब्लूडी श्रेणी के आवेदकों को 300 रुपए का भुगतान करना होगा।

अंतिम तिथि : 22 जून, 2019

डीटीयू, दिल्ली

दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में बीडेस के लिए 8 जून से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। आवेदन डीटीयू की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकेंगे। आवेदन शुल्क सामान्य वर्ग के लिए 1000 रुपए जबकि आरक्षित वर्गों के लिए 500 रुपए निर्धारित किया गया है। डीटीयू के डिजाइन विभाग के तहत शुरू हुए इस पाठ्यक्रम के माध्यम से डिजाइन क्षेत्र के बेहतरीन पेशेवर तैयार करना है। चार साल के इस पाठ्यक्रम में 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। दिल्ली सरकार के नियमों के मुताबिक, इस पाठ्यक्रम की 85 फीसद सीटें दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए जबकि 15 फीसद सीटें अन्य राज्यों के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। बीडेस पाठ्यक्रम में अंडरग्रेजुएट कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशंस फोर डिजाइन (यूसीड) के आधार पर होता है।

अंतिम तिथि : 30 जून, 2019

आंबेडकर विवि, दिल्ली

आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन करने की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रहेगी। विश्वविद्यालय की सूचना में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के कश्मीरी गेट परिसर में सात बीए ऑनर्स कार्यक्रम, कर्मपुरा परिसर में चार बीए और तीन वोकेशनल स्नातक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए कुल 541 सीटें निर्धारित हैं। वहीं, विश्वविद्यालय के पास अभी 18 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित होते हैं। इनमें से 13 पाठ्यक्रम कश्मीरी परिसर में, 3 पाठ्यक्रम कर्मपुरा परिसर और 2 पाठ्यक्रम लोधी रोड परिसर में संचालित होते हैं। इन पाठ्यक्रमों में कुल 618 सीटें निर्धारित हैं।

अंतिम तिथि : 24 जून, 2019

इग्नू, दिल्ली

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में जुलाई सत्र के लिए 150 से अधिक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिले के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इनमें सर्टिफिकेट से लेकर स्नातक, स्नातकोत्तर और स्नातकोत्तर डिप्लोमा शामिल हैं। अधिकतर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन करना है लेकिन कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सिर्फ ऑफलाइन ही आवेदन किया जा सकेगा। सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 15 जुलाई तक पंजीकरण किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के मुताबिक सभी पाठ्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर मौजूद है।

अंतिम तिथि : 31 जुलाई, 2019

हींग और जीरे की सुगंध का फर्क जो जानते हैं

सुशील राघव

इंटरनेट और मोबाइल के आने के बाद से कई तरह के नए करिअर विकल्प युवाओं के सामने आए हैं। इनमें फूड ब्लॉगिंग भी एक क्षेत्र है। खाना खाने का शौक और उसकी जानकारी रखने वाले लोगों के लिए यह एक बेहतर करिअर विकल्प साबित हो रहा है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अधिकतर लोग इसे पूर्णकालिक करिअर के रूप में अभी नहीं चुन रहे हैं लेकिन आने वाले समय में यह पूर्णकालिक विकल्प के तौर पर उभर सकता है। वर्तमान में कई फूड ब्लॉगर, जिनके इंस्टाग्राम से लेकर यूट्यूब तक अपने अकाउंट हैं, अच्छी कमाई कर रहे हैं।

योग्यता

गुरुग्राम में एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में क्रिएटिव प्रमुख के रूप में काम करने वाले और इंस्टाग्राम पर एक लाख से अधिक फॉलोअर रखने वाले करण सिंघल (दफूडअटैकर) ने बताया कि फूड ब्लॉगर बनने के लिए खाने की जानकारी होना सबसे जरूरी है। उन्होंने बताया कि आज इस क्षेत्र में स्कूल के विद्यार्थियों से लेकर पेशेवर युवा, गृहिणी और यहां तक की सेवानिवृत्त लोग भी आ रहे हैं। करण ने बताया कि जो लोग हींग और जीरे के फर्क को जानते हैं, वे अच्छे फूड ब्लॉगर बन सकते हैं। इसके अलावा अनुभव सबसे बड़ी चीज है। खाने के बारे में आपको जितना अधिक अनुभव होगा, आप उतने ही बेहतर ब्लॉगर या समीक्षक बन सकते हैं। खाने के कुछ समीक्षकों को कई वेबसाइट और समाचारपत्र अपने यहां लेख लिखने का मौका भी देते हैं। इसलिए बेहतर लेखकों को इस क्षेत्र में ऊंचाई छूने का ज्यादा मौका मिलता है। करण बताते हैं कि हालांकि फूल ब्लॉगिंग को लेकर उनकी जानकारी में अभी किसी संस्थान या विश्वविद्यालय में कोई पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं है।

इन उपकरणों की होगी आवश्यकता

करण कहते हैं कि वैसे तो फूड ब्लॉगिंग की शुरुआत किसी भी आम स्मार्ट फोन से शुरू की जा सकती है। हर मोबाइल फोन फोटो व वीडियो लेने और लिखने के काबिल होता है। इसके अलावा मोबाइल के माध्यम से आप फोटो और वीडियो का संपादन भी कर सकते हैं। हालांकि बेहतर गुणवत्ता के फोटो और वीडियो बनाने के लिए डीएसएलआर कैमरे का भी उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा अगर आपके पास लैपटॉप या कंप्यूटर हो तो उसका भी इस्तेमाल करके यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किया जा सकता है।

खाना, कैमरा और इंटरनेट



तीन तरीके से होती है कमाई

करण ने बताया कि कोई भी फूड ब्लॉगर दो-तीन तरह से कमाई करता है। पहला तो उसे विभिन्न वस्तुओं के विज्ञापन करने के लिए धनराशि मिलती है। इसके लिए ब्लॉगर के पास अच्छी-खासी संख्या में फॉलोअर होने चाहिए। वैसे अगर इंस्टाग्राम पर आपके दस हजार फॉलोअर हैं तो ब्रांड आप तक पहुंचने लगते हैं। दूसरा, यूट्यूब पर अपना अकाउंट बनाकर और उसपर खाने की वीडियो डालकर भी धन कमाया जाता है। करण बताते हैं कि आपका यूट्यूब चैनल लोगों को पसंद आने लगता है तो यूट्यूब की ओर से भी आपको धन मिलने लगता है। तीसरा और अहम तरीका है, लेख या समीक्षा करना। कई रेस्टोरेंट अपने खाने की समीक्षा के लिए फूड ब्लॉगर को बुलाते हैं और वो भी भुगतान करते हैं। इसके अलावा कुछ वेबसाइट और समाचारपत्र फूड ब्लॉगरों से लेख लिखवाते हैं जिनके लिए वे भुगतान भी करते हैं। इसके अलावा खाने से संबंधित प्रतियोगिताओं में आपको जज के रूप में भी आमंत्रित किया जा सकता है। ये लोग भी कुछ भुगतान करते हैं।

फूड ब्लॉगिंग

अवसर

इंस्टाग्राम पर खाने का कोई भी फोटो या वीडियो डालते समय उसका सूचनाप्रद और संक्षिप्त विवरण अवश्य दें। इस दौरान ध्यान रखें कि विवरण ऐसा हो कि जिसमें आप लोगों को उसके बारे में कुछ बता रहे हैं और साथ ही साथ उनसे कुछ पूछ भी रहे हैं। इससे आपके फॉलोअर तेजी से बढ़ेंगे।

– करण सिंघल, फूड ब्लॉगर

कितनी होगी कमाई

इस क्षेत्र में हर महीने तय कमाई नहीं होती है। किसी महीने ज्यादा तो किसी महीने कम हो जाती है। फूड ब्लॉगिंग में कमाई ब्लॉगर के अनुभव और उसके अकाउंट को कितने लोग फॉलो करते हैं, इस पर निर्भर होती है। करण का कहना है कि अगर इंस्टाग्राम पर आपके 50 हजार फॉलोअर हैं तो आपको 20 से 25 हजार महीने की कमाई हो जाती है। हालांकि उनका कहना है कि क्योंकि इस क्षेत्र में कमाई ऊपर-नीचे होती रहती है तो शुरुआत में इसे पूर्णकालिक करिअर बनाने से बचना चाहिए।



प्रधानमंत्री ने जन्मदिन पर राहुल को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की।

उन्होंने ट्वीट किया, 'श्री राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य दे और दीर्घायु बनाए।' राहुल गांधी ने ट्विटर पर इसका जवाब देते हुए कहा, 'आपकी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया नरेंद्र मोदी जी। मैं इनके लिए आभारी हूं।'

लोकसभा चुनावों के दौरान दोनों नेताओं के बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिली थी। इन चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को भारी बहुमत से जीत मिली।

कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी गांधी के जन्मदिन पर उन्हें अकबर रोड स्थित पार्टी के मुख्यालय में बधाई दी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिन लोगों ने राहुल गांधी को बधाई दी उनमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिह, राहुल की बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद शामिल रहे।

गांधी ने ट्वीट किया, 'मेरे जन्मदिन पर आपकी शुभकामनाओं और बधाई के लिए सभी का शुक्रिया। मैं आपके प्यार और स्नेह के लिए अभिभूत तथा आभारी हूं।' उन्होंने अपनी माइक्रो ब्लॉगिग साइट पर पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की कुछ तस्वीरें भी ट्वीट कीं। पार्टी अध्यक्ष कार्यकर्ताओं और मीडियाकिर्मियों के साथ इस दौरान हलके-फुलके अंदाज में नजर आए।

दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को 49वें जन्मदिन पर राहुल गांधी को गले लगा कर शुभकामनाएं देतीं प्रियंका गांधी वाड्रा।

सरकार लोकसभा अध्यक्ष का कामकाज सरल बनाने में योगदान देगी : प्रधानमंत्री

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 जून।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओम बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि बिड़ला को अध्यक्ष के नाते सभी को अनुशासित और अनुप्रेरित करने व सत्तापक्ष को भी नियमों की अवहेलना पर टोकने का अधिकार होगा। प्रधानमंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाया कि सरकार उनके कामकाज को सरल बनाने में पूरा योगदान देगी।

सदन में बुधवार को ध्वनिमत से राजस्थान के कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए बिड़ला के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचन के बाद मोदी ने भाजपा के संगठन में साथ में काम करने के दिनों को याद करते हुए कहा कि बिड़ला छात्र राजनीति से यहां तक पहुंचे हैं और उन्होंने जन आंदोलन से ज्यादा ध्यान जनसेवा पर केंद्रित रखा है। उन्होंने राजस्थान विधानसभा में सक्रिय भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिड़ला सार्वजनिक जीवन में विद्यार्थी काल में छात्र संगठनों से जुड़ते हुए जीवन के सर्वाधिक उत्तम समय में किसी भी विराम के बिना समाज की किसी न किसी गतिविधि से जुड़े रहे। मोदी ने कहा कि बिड़ला अपने संसदीय क्षेत्र कोटा में भी ठंड में रात भर गलियों में निकलकर असहायों को कंबल आदि बांटते हैं। वह 'प्रसादम' संस्था के माध्यम से भूखों को भोजन और 'परिधान' के माध्यम से जनभागीदारी से जरूरतमंद लोगों को कपड़े, जूते मुहैया कराते हैं। प्रधानमंत्री ने अपने संगठन के दिनों को याद करते हुए कहा कि बिड़ला ने एक समय संकल्प लिया था कि कोटा में कोई भूखा नहीं सोएगा और वह इस संकल्प को आज भी 'प्रसादम' के माध्यम से निभा रहे हैं जिसमें खोज-खोजकर जरूरतमंदों को खाना परोसा जाता है। उन्होंने कहा कि बिड़ला ने जन आंदोलन से ज्यादा जनसेवा पर ध्यान दिया। हमें विश्वास है कि वह हम सभी को अनुशासित भी करेंगे, अनुप्रेरित भी करेंगे।

मोदी ने कहा कि बिड़ला हल्के से मुस्कराते हैं और धीरे बोलते हैं। इसे देखते हुए मुझे कभी कभी डर लगता है कि उनकी नम्रता और विवेक का कोई दुरुपयोग न कर दे। उन्होंने कहा कि मैं सरकार की ओर से अध्यक्ष को विश्वास दिलाता हूं कि उनके काम को सरल करने में अपनी शत-प्रतिशत भूमिका निभाएंगे।

इस मौके पर मोदी ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के पांच साल के कार्यकाल को भी याद किया और कहा कि वह हमेशा हंसते हुए काम करती थीं और सदस्यों को डांटने के बाद भी हंसती थीं।

सनी देओल का चुनावी खर्च 70 लाख की सीमा से ज्यादा, नोटिस जारी

चंडीगढ़, 19 जून (भाषा)।

फिल्म अभिनेता और गुरदासपुर से भाजपा के सांसद सनी देओल से हालिया लोकसभा चुनाव में अपने खर्च का ब्योरा देने को कहा गया है क्योंकि पता लगा कि उनका चुनावी खर्च 70 लाख रुपए की वैधानिक सीमा से अधिक था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गुरदासपुर जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त विपुल उज्ज्वल ने देओल को अपने चुनाव खर्च खाते का ब्योरा देने के लिए नोटिस जारी किया। उज्ज्वल ने कहा कि पता लगा कि उनका चुनावी खर्च 70 लाख रुपए से अधिक था।

देओल ने गुरदासपुर सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार सुनील जाखड़ को 82,459 मतों के अंतर से हराया था।

उज्ज्वल ने चुनाव खर्च के आंकड़े पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रारंभिक गणना के अनुसार, देओल का चुनावी खर्च 86 लाख रुपए पाया गया।

उज्ज्वल ने कहा कि देओल के चुनाव खर्च की राशि अंतिम आंकड़ा नहीं है।

उन्होंने कहा कि देओल को खातों का वास्तविक ब्योरा पेश करने के लिए नोटिस जारी किया है।

उज्ज्वल ने कहा कि अधिक खर्च पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।

धवन विश्व कप से बाहर, पंत को टीम में जगह

पेज 1 का बाकी

रहेगा जिसके कारण वह आइसीसी 2019 विश्व कप से बाहर हो गए। उन्होंने कहा कि हमने आइसीसी को लिखा है और उनकी जगह ऋषभ पंत को शामिल करने का अनुरोध किया है।

पंत को पांच वनडे मैचों का अनुभव है लेकिन दबाव में नहीं आने की प्रवृति से उन्हें ट्रंप कार्ड माना जा रहा है। वह अंबाती रायुडू के साथ अधिकारिक स्टैंडबाई की सूची में शामिल थे। पता चला है कि धवन इंग्लैंड के खिलाफ 30 जून को बर्मिंघम में होने वाले मैच के लिए समय पर नहीं उबर पाते। वह इस दर्द के बावजूद खेले थे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक जड़ा था।

एक सूत्र ने कहा कि धवन समय पर फिट नहीं हो सकते थे। हालांकि टीम प्रबंधन उनकी जगह खिलाड़ी को शामिल नहीं करना चाहता था। वहीं चयनकर्ता धवन की चोट का पता चलने के बाद उनकी जगह खिलाड़ी की अधिकारिक घोषणा करना चाहते थे। पंत को उनके कवर के तौर पर बुलाया गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने धवन के उबरने का इंतजार करने का फैसला किया। अब इस हफ्ते चोट का आकलन किया गया जिसमें चीजें सकारात्मक नहीं दिख रही हैं।

ओम बिड़ला बने लोकसभा अध्यक्ष

पेज 1 का बाकी

नेता अधीर रंजन चौधरी समेत अन्य दलों के नेता बिड़ला को अध्यक्ष के आसन तक लेकर गए। इस दौरान पूरे सदन ने लंबे समय तक ताली बजाकर और मेजें थपथपाकर नए अध्यक्ष का अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री ने बिड़ला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे वर्षों के अपने सामाजिक संवेदना भरे जीवन के कारण सदन का सुगमता से संचालन कर पाएंगे। उन्होंने गुजरात में आए 2011 के भूकम्प और 2013 में उत्तराखंड में भीषण बाढ़ सहित देश के विभिन्न भागों में बिड़ला के किए गए समाजिक कार्यों को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिड़ला को अध्यक्ष के नाते सभी को अनुशासित और अनुप्रेरित करने व सत्तापक्ष को भी नियमों की अवहेलना पर टोकने का अधिकार होगा। प्रधानमंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाया कि सरकार उनके कामकाज को सरल बनाने में पूरा योगदान देगी।

बिड़ला ने पदभार संभालने के बाद कहा कि वह निष्पक्षता के साथ सदन चलाएंगे और कम संख्या वाले दलों को भी पर्याप्त समय दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार से ज्यादा जवाबदेही और पारदर्शिता की अपेक्षा है। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंत्रिपरिषद के सदस्यों और सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त करते हुए बिड़ला ने सदस्यों से कहा कि वे केंद्र सरकार से जुड़े मुद्दे विशेषकर बुनियादी मुद्दे उठाएं क्योंकि कई बार ऐसा होता है कि सदस्य ऐसे मुद्दे उठाते हैं जिनका केंद्र सरकार से कोई संबंध नहीं होता है।

बिड़ला के अध्यक्ष के पक्ष में कुल 13 प्रस्ताव रखे गए। इन प्रस्तावों का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रमेश पोखरियाल निशंक, शिवसेना के विनायक राउत, बीजद के अच्युतानंद सामंत, लोजपा के चिराग पासवान, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, वाईएसआर कांग्रेस के पीवी मिथुन रेड्डी, अन्नाद्रमुक के पी रवींद्रनाथ कुमार, द्रमुक के बालू, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और तेलंगाना राष्ट्र समिति के नामा नागेश्वर राव ने समर्थन किया। विपक्ष की ओर से लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया गया।

ज्यादातर पार्टियों ने किया समर्थन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 19 जून।

लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल ज्यादातर दलों ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार का समर्थन किया, हालांकि वाम दलों और एआइएमआइएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने इसे देश के संघीय ढांचे के खिलाफ करार दिया। माकपा, भाकपा और एआइएमआइएम ने कहा कि इससे देश के संघीय ढांचे को नुकसान होगा।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के केंद्र सरकार के विचार को असंवैधानिक और संघीय व्यवस्था के खिलाफ बताते हुए माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने आरोप लगाया कि यह देश में संसदीय प्रणाली की जगह पिछले दरवाजे से राष्ट्रपति शासन लाने की कोशिश है। हालांकि, बैठक के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ज्यादातर सदस्यों ने एक देश, एक चुनाव के मुद्दे पर समर्थन दिया। वहीं, भाकपा और माकपा ने थोड़ी बहुत मत-भिन्नता जाहिर की।

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने सुझाव रखा कि सरकार को इस बारे में सभी पक्षों से बात करनी चाहिए और यह बताना चाहिए कि इसे कैसे लागू किया जाएगा।

बैठक के बाद शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष अध्यक्ष सुखबीर बादल ने कहा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव पर प्रधानमंत्री का एजंडा जनमत तैयार करने का है, थोपने का नहीं है।' लोजपा प्रमुख रामविलास पासवान ने कहा कि ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इसका समर्थन किया। एक या दो लोगों ने विरोध किया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि इस पर सभी से बात की जाएगी।

अपना दल (एस) के अध्यक्ष आशीष पटेल ने देश में एकसाथ चुनाव कराने के विचार का समर्थन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस विचार के अमल में आने के बाद में देश में बहुत सकारात्मक बदलाव होगा। तीन दलों आम आदमी पार्टी, शिवसेना और अन्नाद्रमुक ने बैठक में अपना लिखित पक्ष रखा।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

पेज 1 का बाकी

स्थानों को 'अलग रिक्तियां' माना जाता है और इसके लिए अलग-अलग अधिसूचना जारी होती है। चुनाव भी अलग-अलग होता है, हालांकि इसका कार्यक्रम एक हो सकता है। इन दोनों सीटों के लिए चुनाव पांच जुलाई को ही होने हैं। धनानी ने अपनी याचिका में निर्वाचन आयोग के आदेश को असंवैधानिक, मनमाना और गैरकानूनी घोषित करते हुए इसे रद्द करने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है कि आयोग के इस आदेश से संविधान के अनुच्छेद 14 का हनन होता है।

उन्होंने निर्वाचन आयोग को उपचुनाव एकसाथ कराने और गुजरात सहित सभी राज्यों में सारी रिक्त सीटों के लिए साथ में चुनाव कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

केन्द्रीय सरकार/प्रादेशिक निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5) के खंड (अ) के मामले में
और
शील अर्बन फर्नीचर प्राईवेट लिमिटेड
जिसका रजिस्ट्रीकृत कार्यालय : 148–ए फर्स्ट फ्लोर दीप कॉम्पलेक्स कीलोकरी नई दिल्ली – 110014 इंडिया में स्थित है
.....याचिकाकर्ता

आम जनता को यह नोटिस दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन फाइल का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से उत्तर प्रदेश राज्य में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 15 मई 2019 को आयोजित असाधारण अधिवेशन में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ मे कंपनी के संघम ज्ञापन मे संशोधन की पूष्टि की मांग की गई हैं।

कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता

मप्र : हिरासत में युवक की मौत, थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

भोपाल, 19 जून (भाषा)।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 25 साल के शिवम मिश्रा की बुधवार को पुलिस हिरासत में मौत हो गई। उसके परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत पुलिसकर्मियों द्वारा पीटे जाने की वजह से हुई। इस मामले में बैरागढ़ थाना प्रभारी सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

शिवम व उसके दोस्त गोविंद शर्मा की कार मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि को करीब एक बजे यहां बैरागढ़ इलाके में बीआरटी कॉरिडोर से टकरा गई थी। भोपाल रेंज के पुलिस महानरीक्षक योगेश देशमुख ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिवम व गोविंद को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले गई। जांच में पाया गया कि शिवम शराब के नशे में था। इसके बाद पुलिसकर्मी दोनों को बैरागढ़ पुलिस थाने ले आए, जहां शिवम की तबीयत बिगड़ने लगी। शिवम की हालत देखकर पुलिसकर्मी उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने कहा- मृतक के परिजनों का आरोप है कि शिवम की मौत पुलिसकर्मियों की पिटाई से हुई है। इन आरोपों की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, क्योंकि शिवम की मौत पुलिस हिरासत में हुई है। देशमुख ने बताया कि इस मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए बैरागढ़ थाना प्रभारी अजय मिश्रा, एक पुलिस उपनिरीक्षक, एक हवलदार व दो कांस्टेबलों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

इसी बीच, शिवम के दोस्त गोविंद शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिसकर्मियों ने मुझे व शिवम को पीटा। हमारी कार बीआरटी रेलिंग पर चढ़ गई थी। इसमें कोई घायल नहीं हुआ था, केवल कार को नुकसान पहुंचा था। अस्पताल में भर्ती शर्मा ने कहा- हमने पुलिस को बताया था कि हमें चिकित्सा सहायता की जरूरत है लेकिन हमारी मदद करने के बजाय पुलिसकर्मी हमें बुरी तरह पीटने लगे। शिवम के मामा संजय भार्गव ने बताया कि शिवम अपने दोस्त के साथ बैरागढ़ के एक होटल में खाना खाने जा रहा था तभी उसकी कार बीआरटी रेलिंग से टकरा गई। पुलिस उसे और उसके दोस्त को बैरागढ़ थाने ले गई, जहां पुलिस वालों ने उन्हें बुरी तरह पीटा।भार्गव ने आरोप लगाया कि शिवम ने लगभग 15 तोले की सोने की चेन पहनी हुई थी, जो गायब है।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल का बेटा पुलिस हिरासत में

नरसिंहपुर (मप्र), 19 जून (भाषा)।

मध्य प्रदेश की एक अदालत ने हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल के पुत्र प्रबल पटेल को बुधवार को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया, जबकि छह अन्य आरोपियों को एक जुलाई तक न्यायिक हिरासत में रखने का आदेश दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक गुरुकरण सिंह ने बताया कि मंगलवार को प्रबल पटेल और भाजपा विधायक जालम सिंह के बेटे मोनू पटेल सहित 12 लोगों के खिलाफ भादंवि की धारा 307, 365 और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को ही पुलिस ने प्रबल पटेल और छह अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि मोनू पटेल सहित पांच आरोपी फिलहाल फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

पुलिस ने बुधवार को प्रबल पटेल सहित सात आरापियों को यहां न्यायिक दंडाधिकारी (प्रथम श्रेणी) अजय सिंह की अदालत में पेश किया। अदालत ने छह आरोपियों को एक जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जबकि पुलिस को प्रबल पटेल की एक दिन की हिरासत दे दी। पुलिस ने प्रबल पटेल से पूछताछ के लिए अदालत से उसकी हिरासत मांगी थी। प्रह्लाद पटेल मध्य प्रदेश में भाजपा के वरिष्ठ नेता और दमोह लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। उन्हें हाल में केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।

> -भाजपा विधायक जालम सिंह पटेल ने बताया, घटना के समय मोनू जबलपुर में था और प्रबल जबलपुर से लौट रहा था। दोनों ही घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। दोनों को राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है।

जिला पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रबल पटेल और मोनू पटेल के साथ करीब दो दर्जन लोगों का सोमवार रात को बैलहाई बाजार में तीन-चार युवकों से विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपियों ने युवकों से मारपीट की और गोलीबारी की। गोली हिमांशु राठौड़ नामक व्यक्ति के हाथ में लगी। उन्होंने बताया कि मोनू पटेल प्रह्लाद पटेल के छोटे भाई जालम सिंह पटेल का पुत्र है। जालम सिंह प्रदेश की भाजपा सरकार में मंत्री थे और वर्तमान में नरसिंहपुर विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले में राठौड़ के अलावा एक होमगार्ड सिपाही ईश्वर राय, राहुल राजपूत, शिवम राय और मयंक भी घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया है। भाजपा विधायक जालम सिंह पटेल ने बताया कि घटना के समय मोनू जबलपुर में था और प्रबल जबलपुर से लौट रहा था व दोनों ही घटनास्थल पर मौजूद नहीं थे। दोनों को राजनीतिक कारणों से इस मामले में फंसाया गया है।

बीजापुर में नक्सलियों ने की सपा नेता की हत्या

बीजापुर, 19 जून (भाषा)।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने समाजवादी पार्टी के एक नेता को मार डाला।

बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यहां बताया कि जिले के इलमिडी पुलिस थाना क्षेत्र के मरीमल्ला गांव के करीब नक्सलियों ने समाजवादी पार्टी के नेता संतोष पुनेम की हत्या कर दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुनेम क्षेत्र में ठेकेदारी का कार्य करता था। मंगलवार शाम नक्सलियों ने पुनेम का अपहरण कर लिया था। बुधवार सुबह उसका शव मिलने की खबर मिली। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि पुनेम का शव मरीमल्ला पहाड़ी के पास पड़ा हुआ है तब घटनास्थल के लिए पुलिस दल को रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में पुनेम ने बीजापुर विधानसभा सीट से सपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर नक्सलियों के हमले जारी हैं। इस साल नौ अप्रैल को नक्सलियों ने पड़ोसी दंतेवाड़ा जिले के श्यामगिरी गांव के करीब बारूदी सुरंग में विस्फोट कर क्षेत्र के विधायक के वाहन को उड़ा दिया था। इस हमले में भाजपा विधायक भीमा मंडावी और चार पुलिस जवानों की मौत हो गई थी।

वित्त मंत्री के ट्विटर अकाउंट पर बजट 'लीक' की साइबर जांच हो : विपक्ष

मुंबई, 19 जून (भाषा)।

विपक्षी विधायकों ने बुधवार को यहां महाराष्ट्र के बजट प्रावधानों को सदन में पेश किए जाने से पहले ही वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार के ट्विटर हैंडल पर कथित तौर पर 'लीक' होने के विरोध में धरना दिया और मामले की जांच की मांग की।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता जयंत पाटील ने राज्य विधानसभा में कहा कि वित्त मंत्री द्वारा निचले सदन में बजट पेश किए जाने से पहले ही उसके प्रावधानों के बारे में बाहर लोगों को पता था। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और मुनगंटीवार के ट्वीट को उचित ठहराने पर उनकी आलोचना की। फड़णवीस और मुनगंटीवार ने बजट लीक होने के आरोपों को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा था कि वित्त मंत्री द्वारा सदन में बजट भाषण शुरू करने के 15 मिनट बाद प्रावधानों को ट्विटर पर डाला गया था।पाटील ने कहा कि यह न्यायोचित नहीं है और मांग की कि साइबर अपराध जांच शाखा इस कथित लीक की जांच करे। विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अगर पर्याप्त साक्ष्य पेश किए जाएंगे तो वह जांच की मांग स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार, जयंत पाटील और धनंजय मुंडे समेत कई विधायकों ने विधानसभा परिसर में इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया।

मॉडल से छेड़खानी करने के आरोप में सात लोग गिरफ्तार

आरोपियों ने कार को टक्कर मारी, चालक की पिटाई भी की

कोलकाता, 19 जून (भाषा)।

मॉडल से अभिनेत्री बनी उशोशी सेनगुप्ता ने आरोप लगाया है कि काम से घर लौटने के दौरान सोमवार को कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने दो बार उनका पीछा किया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।

पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना सोमवार की रात लगभग 11 बजकर 40 मिनट पर हुई थी। सेनगुप्ता (30) का दावा है कि वह एक एप बेस्ड कैब से अपनी एक सहकर्मी के साथ घर लौट रही थीं। इसी दौरान उनकी कार को बाइक सवार युवकों ने टक्कर मार दी और वे कार चालक को बाहर निकालकर पीटने लगे।

> मॉडल ने दावा किया कि उन्होंने कोलकाता में मैदान पुलिस थाने के अधिकारियों से मदद मांगी और बाद में वह दक्षिण कोलकाता में चारू बाजार पुलिस थाने गईं। दोनों बार उन्हें कथित तौर पर बताया गया कि यह घटना उनके थाना क्षेत्र में नहीं हुई।

मॉडल ने दावा किया कि उन्होंने कोलकाता में मैदान पुलिस थाने के अधिकारियों से मदद मांगी और बाद में वह दक्षिण कोलकाता में चारू बाजार पुलिस थाने गईं। दोनों बार उन्हें कथित तौर पर बताया गया कि यह घटना उनके थाना क्षेत्र में नहीं हुई। कोलकाता पुलिस ने कहा कि उसने प्राथमिकी दर्ज न करने के आरोप की जांच शुरू कर दी है।

मॉडल ने कहा, 'एक्साइड चौराहा और जवाहरलाल रोड क्रॉसिंग पर बिना हेलमेट पहने बाइक सवार कुछ लड़कों ने हमारी कैब को टक्कर मारी। करीब 15 लड़के आए। ड्राइवर को बाहर निकाला और उसे पीटना शुरू कर दिया। फिर मैं बाहर आई और चिल्लाना शुरू कर दिया। पुलिस को बुलाया और पूरी घटना का वीडियो बनाना शुरू कर दिया।' उन्होंने दावा किया कि घटनास्थल से 50 मीटर के दायरे में स्थित मैदान पुलिस थाने के अधिकारी उनके बार-बार अनुरोध के बावजूद मदद के लिए नहीं आए।

करीब 10-15 मिनट बाद भवानीपुर पुलिस थाने के दो अधिकारी आए लेकिन तब तक आधी रात गुजर चुकी थी। सेनगुप्ता ने ड्राइवर से अपनी सहकर्मी और उन्हें घर छोड़ने के लिए कहा लेकिन मुसीबत यहीं खत्म नहीं हुई। तीन मोटरसाइकिलों पर छह लड़के फिर दिखाई दिए और उन्होंने दक्षिण कोलकाता में लेक गार्डन इलाके के समीप उनकी कैब का पीछा करना शुरू कर दिया।

अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि नजदीक के चारू बाजार पुलिस थाने के अधिकारियों ने उनकी कोई भी शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया और उन्हें भवानीपुर पुलिस थाना जाने के लिए कहा। आरोपियों की गिरफ्तारी सेनगुप्ता द्वारा दी गई वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई।

पायलट ने चालक दल के सदस्य को टिफिन धोने को कहा, दोनों में कहासुनी

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा)।

बंगलुरु हवाई अड्डा से एअर इंडिया के एक विमान के कोलकाता के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले टिफिन धोने के विषय पर एक कैप्टन और चालक दल के एक सदस्य के बीच कहासुनी हो गई। वरिष्ठ एअरलाइन अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई इस घटना के मद्देनजर एयर इंडिया के विमान में पायलटों के अपना भोजन ले जाने पर एयरलाइन द्वारा पाबंदी लगाए जाने की संभावना है। एअर इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने सोमवार को हुई इस घटना का गंभीर संज्ञान लिया है। हम जल्द ही पायलटों से कहेंगे कि वे अपना भोजन लेकर उड़ान में नहीं आएं। एअरलाइन के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि फ्लाइट संख्या एआई 772 सोमवार दोपहर 11 बज कर 40 मिनट पर बंगलुरु से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली थी लेकिन इसमें करीब दो घंटे की देर हो गई क्योंकि कैप्टन और चालक दल के एक सदस्य को (जिनमें तीखी बहस हो गई थी) विमान से हटाना पड़ा और उनकी जगह किसी और को विमान में भेजा गया। दूसरे अधिकारी ने बताया कि मुझसे कहा गया कि कैप्टन चाहते हैं कि चालक दल का सदस्य भोजन करने के बाद उनका टिफिन धोए। शायद, इसी के चलते उनके बीच तीखी बहस हुई। जांच शुरू कर दी गई है। सख्त कार्रवाई की जाएगी। एअरलाइन अधिकारियों बताया कि दोनों कर्मचारियों को पूछताछ के लिए दिल्ली मुख्यालय बुलाया गया है और वे लोग यहां गुरुवार को होंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
India's International Bank
जेडओएसएआरबी, 9वीं तल, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-23448841/42, ई-मेल : armdel@bankofbaroda.com

कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (द्वितीय) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत ऋण धारक **कम्पनी मैसर्स एसआरएस फाइनेंस लिमिटेड और गारंटर्स – (i) श्री अनिल जिंदल पुत्र श्री गिरिराज जिंदल, (ii) श्री अंकित सचदेव पुत्र श्री सुनील सचदेवा, (iii) श्री नवीन कुमार तायल पुत्र श्री नानक चंद तायल, (iv) श्री विनोद जिंदल पुत्र श्री जीएस जिंदल, (v) श्रीमती ऋतु जिंदल पत्नी श्री विनोद जिंदल, (vi) श्री सुनील जिंदल पुत्र श्री गिरराज सिंह, (vii) श्रीमती शालिनी जिंदल पत्नी श्री सुनील जिंदल, (viii) श्रीमती संजना बंसल पत्नी श्री राजू बंसल, (ix) श्रीमती तोशी बंसल पत्नी श्री बिशन बंसल, (x) श्रीमती बिमलेश तायल पत्नी श्री नानक चंद तायल, (xi) श्रीमती ममता सिंगला पत्नी श्री राजेश सिंगला, (xii) श्री नानक चंद बंसल पुत्र श्री अमी चंद, (xiii) श्रीमती शशि जिंदल पत्नी श्री अनिल जिंदल, (xiv) मैसर्स बीटीएल होल्डिंग कंपनी लि., (xv) मैसर्स एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लि. को मांग सूचना दिनांक 10.04.2017 को जारी किया था जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि रू 68,89,64,532.50 (रु अडसठ करोड नवासी लाख चौसठ हजार पाँच सौ बत्तीस और पैसे पचास केवल) दिनांक 10.04.2017 तक और भविष्य का** ब्याज और दिनांक 01.04.2017 से पीनल ब्याज प्लस प्रभार इत्यादि सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

ऋणधारक कम्पनी/गारंटर्स राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा ऋणधारक कम्पनी/गारंटर्स तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति जोकि **श्रीमती तोषी बंसल और श्रीमती संजना बंसल** के नाम पर है का भौतिक कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 (4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **14.06.2019** को लिया है।

विशेष रूप से ऋण धारक कम्पनी/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **बैंक ऑफ बड़ौदा, के प्रभार वास्ते रू 68,89,64,532.50 (रु अडसठ करोड नवासी लाख चौसठ हजार पाँच सौ बत्तीस और पैसे पचास केवल) दिनांक 10.04.2017 तक और भविष्य का** ब्याज और दिनांक 01.04.2017 से पीनल ब्याज प्लस प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

मकान नं. डी-2/54, डीएलएफ मॉडल टाउन, सैक्टर-10, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित, क्षेत्रफल 1000 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्रीमती तोषी बंसल और श्रीमती संजना बंसल के नाम पर है। चौहद्दी : पूरब में – प्लॉट नं. डी-2/61, पश्चिम में – रोड, उत्तर में – प्लॉट नं. डी-2/55, दक्षिण में – प्लॉट नं. डी-2/53

दिनांक : 14-06-2019, स्थान : फरीदाबाद — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
India's International Bank
जेडओएसएआरबी, 9वीं तल, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-23448841/42, ई-मेल : armdel@bankofbaroda.com

कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **बैंक ऑफ़ बड़ौदा** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (द्वितीय) नियमावली 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत ऋण धारक **कम्पनी मैसर्स एसआरएस फाइनेंस लिमिटेड और गारंटर्स – (i) श्री अनिल जिंदल पुत्र श्री गिरिराज जिंदल, (ii) श्री अंकित सचदेव पुत्र श्री सुनील सचदेवा, (iii) श्री नवीन कुमार तायल पुत्र श्री नानक चंद तायल, (iv) श्री विनोद जिंदल पुत्र श्री जीएस जिंदल, (v) श्रीमती ऋतु जिंदल पत्नी श्री विनोद जिंदल, (vi) श्री सुनील जिंदल पुत्र श्री गिरराज सिंह, (vii) श्रीमती शालिनी जिंदल पत्नी श्री सुनील जिंदल, (viii) श्रीमती संजना बंसल पत्नी श्री राजू बंसल, (ix) श्रीमती तोशी बंसल पत्नी श्री बिशन बंसल, (x) श्रीमती बिमलेश तायल पत्नी श्री नानक चंद तायल, (xi) श्रीमती ममता सिंगला पत्नी श्री राजेश सिंगला, (xii) श्री नानक चंद बंसल पुत्र श्री अमी चंद, (xiii) श्रीमती शशि जिंदल पत्नी श्री अनिल जिंदल, (xiv) मैसर्स बीटीएल होल्डिंग कंपनी लि., (xv) मैसर्स एसआरएस रियल इंफ्रास्ट्रक्चर लि. को मांग सूचना दिनांक 10.04.2017 को जारी किया था जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि रू 68,89,64,532.50 (रु अडसठ करोड नवासी लाख चौसठ हजार पाँच सौ बत्तीस और पैसे पचास केवल) दिनांक 10.04.2017 तक और भविष्य का** ब्याज और दिनांक 01.04.2017 से पीनल ब्याज प्लस प्रभार इत्यादि सहित, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

ऋणधारक कम्पनी/गारंटर्स राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा ऋणधारक कम्पनी/गारंटर्स तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति जोकि **श्री नानक चंद बंसल** के नाम पर है का भौतिक कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 (4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **18.06.2019** को लिया है।

विशेष रूप से ऋण धारक कम्पनी/गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **बैंक ऑफ बड़ौदा, के प्रभार वास्ते रू 68,89,64,532.50 (रु अडसठ करोड नवासी लाख चौसठ हजार पाँच सौ बत्तीस और पैसे पचास केवल) दिनांक 10.04.2017 तक और भविष्य का** ब्याज और दिनांक 01.04.2017 से पीनल ब्याज प्लस प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

मकान नं. 122, सैक्टर-9, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित, क्षेत्रफल 600 वर्ग गज, यह सम्पत्ति श्री नानक चंद बंसल के नाम पर है। चौहद्दी : उत्तर में – रोड, दक्षिण में – मकान नं. 123, पूरब में – मकान नं. 145, पश्चिम में – रोड

दिनांक : 18-06-2019, स्थान : फरीदाबाद — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

(This is only an advertisement for information purpose and not a Prospectus announcement.)

ALUMILITE ARCHITECTURALS LIMITED

CIN: U28910MH1982PLC028034

Our Company was originally incorporated as 'Sumeeka Chemicals Private Limited' on August 18, 1982 under the provisions of Companies Act, 1956 with Certificate of Incorporation issued by the Registrar of Companies, Maharashtra with Registration No. 028034. Our Company's name was subsequently changed from 'Sumeeka Chemicals Private Limited' to 'Alumilite Architecturals Private Limited' pursuant to Fresh Certificate of Incorporation dated February 23, 1994 due to change in line of business activity of the Company. Subsequently, our Company was converted into a public limited company pursuant to special resolution passed at the Extra Ordinary General Meeting of our Company held on November 30, 2017 and the name of our Company was changed to "Alumilite Architecturals Limited" and a Fresh Certificate of Incorporation dated December 14, 2017 was issued by the Registrar of Companies, Mumbai, Maharashtra. The Corporate Identification Number of our Company is U28910MH1982PLC028034. For further details please refer to chapter titled *"Our History and Certain Corporate Matters"* beginning on page 104 of the Prospectus.

Registered Office: 5th Floor, Dhiraj Chambers, 9 Hazarimal Somani Marg, Mumbai - 400 001.
Tel.: +91 22 4092 4444 | **E-mail:** cs.vaibhav@aa-pl.in | **Website:** www.aa-pl.in;
Contact Person: Mr. Vaibhav Nilesh Joshi, Company Secretary and Compliance Officer | **E-Mail:** cs.vaibhav@aa-pl.in

PROMOTERS OF OUR COMPANY: MR. SHIVKRISHNA HARAKHCHAND DAMANI AND MR. VARUN DAMANI

THE ISSUE

INITIAL PUBLIC ISSUE OF 38,28,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH OF ALUMILITE ARCHITECTURALS LIMITED ("AAL" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 30 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 20 PER EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹ 1148.40 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 1,92,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 30 PER EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 20 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 57.60 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION i.e. NET ISSUE OF 36,36,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10 EACH AT A PRICE OF ₹ 30 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 1090.80 LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 35.03% AND 33.27%, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

The Application must be for a minimum of 4,000 Equity Shares and in multiples of 4,000 Equity Shares thereafter.

FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO THE "SECTION IV- THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 38 OF THE PROSPECTUS.

LISTING: The Equity Shares offered through the Prospectus are proposed to be listed on the EMERGE Platform of National Stock Exchange of India Limited (**"NSE"**). In terms of the Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018, as amended from time to time. Our Company has received an approval letter dated April 09, 2019 from NSE for using its name in the offer document for listing of our shares on the EMERGE Platform of NSE. For the purpose of this Issue, the designated Stock Exchange will be the NSE.

DISCLAIMER CLAUSE OF SEBI: Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulation 2018, A copy of the Prospectus has been filed with SEBI after registration of the Offer document with Registrar of Companies in term of Regulation 246 of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018. However, SEBI shall not issue any observation on the Offer document. Hence there is no such specific disclaimer clause of SEBI. However investors may refer to the entire *"Disclaimer Clause of SEBI"* beginning on page 179 of the Prospectus.

DISCLAIMER CLAUSE OF NSE Emerge (DESIGNATED STOCK EXCHANGE): It is to be distinctly understood that the permission given by NSE should not in anyway be deemed or construed that the Prospectus has been cleared or approved by NSE nor does it certify the correctness or completeness of any of the contents of the Prospectus. The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the *"Disclaimer Clause of NSE"* on page 184 of the Prospectus.

IPO GRADING: Since the Issue is being made in terms of Chapter IX of the SEBI (ICDR) Regulations, there is no requirement of appointing an IPO Grading agency.

LEAD MANAGER TO THE ISSUE	REGISTRAR TO THE ISSUE	COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER
FINSHORE Creating Enterprise Managing Values **Finshore Management Services Limited** Anandlok, Block – A, 2nd Floor, Room No. 207 227, A.J.C. Bose Road, Kolkata – 700 020, West Bengal, India **Tel. No.:** 91 33-22895101 / 9920379029 **SEBI Registration No:** INM000012185 **Email:** info@finshoregroup.com **Website:** www.finshoregroup.com **Contact Person:** Mr. S. Ramakrishna Iyengar	**Bigshare Services Private Limited** 1st Floor, Bharat Tin Works Building, Opp. Vasant Oasis, Makwana Road, Marol, Andheri East, Mumbai-400059 **Tel.:** +91 022-62638200 **Fax:** +91 022-62638299 **Email:** ipo@bigshareonline.com **Website:** www.bigshareonline.com **SEBI Registration No.:** INR000001385 **Contact Person:** Mr. Ashok Shetty	**ALUMILITE ARCHITECTURALS LIMITED,** **Mr. Vaibhav Nilesh Joshi** 5th Floor, Dhiraj Chambers, 9 Hazarimal Somani Marg, Mumbai - 400 001. **Tel.:** +91 22 4092 4444 | **E-mail:** cs.vaibhav@aa-pl.in; **Website:** www.aa-pl.in; Investors can contact the Company Secretary and Compliance officer or the Registrar in case of any Pre-issue or Post-issue related problems such as non-receipt of letters of allocation, credit of allotted equity shares in the respective beneficiary account, etc.

BANKER TO THE ISSUE AND SPONSOR BANK: Axis Bank Limited - Banker to the Issue and ICICI Bank Limited - Sponsor Bank

AVAILABILITY OF APPLICATION FORMS: Application forms can be obtained from the Stock Exchanges, Issuer Company: **ALUMILITE ARCHITECTURALS LIMITED,** Lead Manager: **Finshore Management Services Limited,** Banker to the Issue, Stock Brokers, Registrar to Issue and Share Transfer Agents, Depository Participants. Application Forms can be obtained from the website of Stock Exchange www.nseindia.com/emerge and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available on the website of NSE (www.nseindia.com) & SEBI, (www.sebi.gov.in).

AVAILABILITY OF PROSPECTUS: Investors should note that Investment in Equity Shares involves a High degree of risk and investors are advised to refer to the Prospectus and the Risk Factors contained therein, before applying in the Issue. Full copy of the Prospectus shall be available at the website of SEBI at www.sebi.gov.in; the website of Stock Exchange at www.nseindia.com/emerge, the website of Lead Manager at www.finshoregroup.com and the website of the Issuer Company at www.aa-pl.in.

ISSUE
ISSUE OPENS ON: MONDAY, JUNE 24, 2019
ISSUE CLOSES ON: FRIDAY, JUNE 28, 2019

FIXED PRICE ISSUE AT ₹ 30 PER EQUITY SHARE

MINIMUM APPLICATION SIZE OF 4,000 EQUITY SHARES AND IN MULTIPLES OF 4,000 EQUITY SHARES THEREAFTER

RISK IN RELATION TO THE FIRST ISSUE: This being the first issue of the issuer, there has been no formal market for the securities of the issuer. The face value of the equity shares is ₹ 10 each and the issue price is 3 times of face value of the equity share. The issue price should not be taken to be indicative of the market price of the equity shares after the equity shares are listed on the EMERGE platform of NSE. No assurance can be given regarding an active or sustained trading in the equity shares of our company or regarding the price at which the equity shares will be traded after listing.

GENERAL RISK: Investments in equity and equity-related securities involve a High degree of risk and investors should not invest any funds in this offer unless they can afford to take the risk of losing their investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in this offering. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the offer including the risks involved. The Equity Shares issued in the offer have neither been recommended nor approved by Securities and Exchange Board of India nor does Securities and Exchange Board of India guarantee the accuracy or adequacy of the Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section titled *"Risk Factors"* beginning on page 21 of the Prospectus.

ASBA*	Simple, Safe, Smart way of Application - Make use of it !!!	*Applications Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For details, check section on ASBA below. Mandatory in Public Issues from January 01, 2016 No cheque will be accepted.

UPI now available in ASBA for retail individual investors.

ADDITIONAL INFORMATION AS REQUIRED UNDER SECTION 30 OF THE COMPANIES ACT, 2013

APPLICATIONS SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA): Investors shall apply through the ASBA process. The investors are required to fill the ASBA form and submit the same to their banks. The SCSB will block the amount in the account as per the authority contained in ASBA form. On allotment, amount will be unblocked and account will be debited only to the extent required to be paid for allotment of shares. Hence, there will be no need of refund. For more details on the ASBA process, please refer to the details given in application forms and Abridged Prospectus and also please refer to the section *"Issue Procedure"* on page 199 of the Prospectus.

UNIFIED PAYMENTS INTERFACE (UPI): Investors are advised to refer circular SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2018/138 dated November 01, 2018 for details relating to use of Unified Payments Interface (UPI) as a payment mechanism with Application Supported by Block Amount (ASBA) for applications in public issues by retail individual investors.

MAIN OBJECTS OF THE COMPANY AS PER MoA: For information on the main objects and other objects of our Company, see *"Our History and Certain Corporate Matters"* on page 104 of the Prospectus and Clause III of the Memorandum of Association of our Company. The Memorandum of Association of our Company is a material document for inspection in relation to the Issue. For further details, see the section *"Material Contracts and Documents for Inspection"* on page 286 of the Prospectus.

AMOUNT OF SHARE CAPITAL OF THE COMPANY AND CAPITAL STRUCTURE: Authorized Share Capital is ₹ 12,00,00,000, divided into 1,20,00,000 Equity Shares of ₹ 10 each. Issued, Subscribed and Paid-up Share Capital prior to the Issue ₹ 7,10,00,000 divided into 71,00,000 Equity Shares of ₹ 10 each. Proposed Post Issue Paid-up Share Capital ₹ 10,92,80,000 divided into 1,09,28,000 Equity Shares of ₹

दिलचस्प आंकड़े

रन	10260	सबसे ज्यादा रन: शकिब अल हसन
विकेट	304	
छक्के	192	उच्चतम स्कोर: जैसन रॉय
अर्धशतक	54	

शमी की फिटनेस ही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि : बासु

साउथम्पटन, 19 जून (भाषा)।

भारत के 'स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग' कोच शंकर बासु मानते हैं कि टीम से जुड़ने के बाद मोहम्मद शमी का चोटों से मुक्त रहकर फिट रहना उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। विराट कोहली की फिटनेस को देखकर निश्चित रूप से कोई भी कोच खुश होगा।

50 साल का यह कोच इस बात से संतुष्ट है कि चोटों से मुक्त शमी और केदार जाधव भी अब फिटनेस के प्रति सचेत हो गए हैं जो पहले कोई उचित फिटनेस ट्रेनिंग नहीं करते थे।

बासु ने कहा कि कोई भी कोच विराट को देखकर खुश होगा। उनकी सबसे बड़ी चीज यही है कि वह साल के प्रत्येक दिन किसी भी बोरियत भरे व्यायाम को करने को तैयार रहते हैं। वह अपने शरीर को जानते हैं और अगर वह ट्रेनिंग कर रहे हैं तो उनके अपनी दिनचर्या के संबंध में सौ सवाल होंगे। जब उन्हें जवाब मिल जाएगा तो वह गंभीरता से उनका पालन करते हैं।

शमी पिछले सत्र में चोट की वजह से एक भी टैस्ट मैच में बाहर नहीं हुए। भारत के पूर्व जूनियर धावक से जब पूछा गया कि वह इसे अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि समझते हैं तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'शायद, आप ऐसा कह सकते हैं।' उन्होंने कहा कि और सोचो, वह पिछले साल फिटनेस टेस्ट में विफल रहा था और उनकी निजी जिंदगी में भी कुछ मुद्दे रहे थे।

वापसी करने के बाद उन्होंने शिद्दत से ट्रेनिंग करना शुरू किया। मैंने शमी को कहा था कि 20 दिन के लिए कड़ी ट्रेनिंग करने का कोई फायदा नहीं है। बासु ने कहा कि आपको लगातार ट्रेनिंग करनी होती है। अब ट्रेनिंग उनकी जीवन शैली बन चुकी है। अब उनकी तेजी देखो, जो पांच मैचों की सीरीज के अंतिम टैस्ट के दिन भी कम नहीं होती।

शंकर बासु इस बात से संतुष्ट है कि चोटों से मुक्त शमी और केदार जाधव अब फिटनेस के प्रति सचेत हो गए हैं जो पहले कोई उचित फिटनेस ट्रेनिंग नहीं करते थे।

बासु ने कहा कि कोई भी कोच विराट को देखकर खुश होगा। उनकी सबसे बड़ी चीज यही है कि वह साल के प्रत्येक दिन किसी भी बोरियत भरे व्यायाम को करने को तैयार रहते हैं। वह अपने शरीर को जानते हैं और अगर वह ट्रेनिंग कर रहे हैं

छक्कों के रेकार्ड पर मोर्गन ने कहा, नहीं सोचा था कि ऐसी पारी खेलूंगा

मैनचेस्टर, 19 जून (भाषा)।

अफगानिस्तान के खिलाफ आइसीसी विश्व कप मुकाबले में 17 छक्के लगा कर विश्व रेकार्ड कायम करने वाले इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनके बल्ले से ऐसी पारी निकलेगी। मोर्गन ने मंगलवार को अपने करिअर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलते हुए 71 गेंद में रेकार्ड 17 छक्कों और चार चौकों की बदौलत 148 रन बनाए। मोर्गन एकदिवसीय क्रिकेट में पहले बल्लेबाज हैं जिन्होंने छक्कों से ही 100 से अधिक रन जुटाए।

इससे पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में सर्वाधिक छक्कों का रेकार्ड भारत के रोहित शर्मा, वेस्ट इंडीज के सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल और दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स के नाम था जिन्होंने 16-16 छक्के लगाए थे। उनकी पारी से इंग्लैंड ने छह विकेट पर 397 रन का विशाल लक्ष्य कायम किया जो विश्व कप में टीम का सर्वोच्च स्कोर है।

टीम ने इसके बाद अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 247 रन पर रोक कर 150 रन से मैच अपने नाम किया। इस जीत के साथ टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गई। मोर्गन ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस तरह से एक पारी खेल सकता हूं, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने ऐसा किया। यह अजीब है। छक्के का रेकॉर्ड बनाना भी अजीब सा है। मैंने ऐसा करनामा करने के बारे में सोचा नहीं था लेकिन ऐसा करना अच्छा है। बत्तीस साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि पिछले चार वर्षों में शायद मैंने अपने करिअर का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेला है।

विश्व कप डायरी

मां परेशान ना हो इसलिए बाउंसर लगने के बाद तुरंत उठ खड़े हुए शाहिदी

मैनचेस्टर, 19 जून (एएफपी)।

अफगानी बल्लेबाज हशमतुल्लाह शाहिदी इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में गेंद हेलमेट पर लगने से मैदान पर गिर पड़े। हालांकि वह इसके तुरंत बाद उठ खड़े हुए क्योंकि इससे उनकी मां चिंतित हो जातीं। शाहिदी जब 24 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब तेज गेंदबाज मार्क वुड की 90 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से फेंकी गई गेंद उनके हेलमेट से टकराई और वह जमीन पर गिर गए।ऐसा लगा कि 24 साल का यह बल्लेबाज रिटायर्ड हर्ट होगा लेकिन उन्होंने हेलमेट बदलकर खेलना जारी रखा और वह टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। हालांकि उनकी 76 रन की पारी के बाद भी अफगानिस्तान की टीम इंग्लैंड से 150 रन से हार गई। टूर्नामेंट में पांच मैचों में टीम की पांचवीं हार के बाद शाहिदी ने कहा कि मैं अपनी मां के कारण तुरंत उठ खड़ा हुआ। पिछले साल मेरे पिता का निधन हुआ था और मैं मां को दुखी नहीं देखना चाहता हूं। मेरा पूरा परिवार इस मुकाबले को देख रहा था, मेरे बड़े भाई भी मैदान में मौजूद थे। मैं नहीं चाहता था कि वह चिंतित हो।

स्टोइनिस चोट से उबरे, टीम में बने रहेंगे

नॉटिंघम, 19 जून (भाषा)।

आस्ट्रेलिया के हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस फिट हो गए हैं। हालांकि कोच जस्टिन लैंगर ने कहा कि वह इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि टीम (अंतिम 11) में उनकी वापसी जल्द होगी। लैंगर ने कहा कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मौजूदा विश्व कप के दो मुकाबलों को चोट के कारण नहीं खेलने वाले स्टोइनिस गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच में टीम का हिस्सा होंगे। स्टोइनिस को नौ जून को भारत के खिलाफ मैच के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हुई थी।

वान डेर डुसेन-अमला की अर्धशतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका ने बनाए 241 रन

विलियमसन के शतक से कीवी जीते

बर्मिंघम, 19 जून (भाषा)।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने कप्तान केन विलियमसन की शानदार शतकीय पारी से चार विकेट से जीत दर्ज की। विलियमसन ने 138 गेंद में 106 रन बनाए। वहीं कोलिन डि ग्रैंडहोम ने 47 गेंद में 60 रन की तेज तर्रार पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 48.3 ओवर में 245 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

इससे पहले रासी वान डेर डुसेन के अर्धशतक के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड की अनुशासित गेंदबाजी के सामने छह विकेट पर 241 रन बनाए। गीली आउटफील्ड के कारण मैच देर से शुरू हुआ और घटाकर 49 ओवर प्रति टीम कर दिया गया। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और उनके गेंदबाजों ने इसे काफी हद तक सही साबित कर दिखाया।

हाशिम अमला ने 55 रन बनाने के लिए 83 गेंद खेल डाली लेकिन वान डेर डुसेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 67 रन बनाए। पिछले विश्व कप की उपविजेता न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने मददगार विकेट पर काफी अनुशासित प्रदर्शन किया। ट्रेंट बोल्ट ने क्विंटन डिकाक को महज पांच के निजी योग पर पवेलियन भेजकर दक्षिण अफ्रीका को पहला झटका दिया। अमला और कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने दक्षिण अफ्रीका को 14वें ओवर में एक विकेट पर 59 रन तक पहुंचाया। लोकी फर्ग्युसन ने शानदार यार्कर पर डुप्लेसिस को 23 रन पर बोल्ड कर दिया। अमला और एडेन मार्कराम ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी की लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सैंटनेर ने अमला को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। अमला अपनी पारी के दौरान वनडे क्रिकेट में 8000 रन पूरे करने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज बन गए। वह भारत के कप्तान विराट कोहली (175 पारी) के बाद सबसे तेजी से (176 पारी) इस आंकड़े तक पहुंचे हैं। मार्कराम (38) को कोलिन डि ग्रांडहोमे ने कोलिन मुनरो के हाथों लपकवाया। इसके बाद डेविड मिलर (36) ने वान डेर डुसेन के साथ रनगति को बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका को विश्व कप सेमी फाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना था। पांच मैचों में महज एक जीतकर टीम दस टीमों में आठवें स्थान पर है।

8000 रन पूरे करने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज बन गए अमला

वान डेर डुसेन ने नाबाद 67 रन बनाए।

स्कोर बोर्ड

दक्षिण अफ्रीका : क्विंटन डिकाक बो ट्रेंट बोल्ट 05, हाशिम अमला बो मिशेल सैंटनर 55, फाफ डुप्लेसिस बो लोकी फर्गुसन 23, ऐडन मार्कराम का कोलिन मुनरो बो कोलिन डि ग्रैंडहोम 38, रसेल वान डर डुसेन नाबाद 67, डेविड मिलर का ट्रेंट बोल्ट बो लोकी फर्गुसन 36, एंडिले फेलुकवायो का केन विलियमसन बो लोकी फर्गुसन 00, क्रिस मौरिस नाबाद 06 **गेंदबाजी** : मैट हेनरी 10-2-34-0, ट्रेंट बोल्ट 10-0-63-1, लोकी फर्गुसन 10-0-59-3, कोलिन डि ग्रैंडहोम 10-0-33-1, मिशेल सैंटनर 9-0-45-1 **न्यूजीलैंड** : मार्टिन गुप्टिल बो का एंडिले फेलुकवायो 35, कोलिन मुनरो का बो रबादा 09, केन विलियमसन नाबाद 106, रॉस टेलर का डिकाक बो क्रिस मौरिस 01, टॉम लैथम का डिकाक बो क्रिस मौरिस 01, जेम्स निशाम का हाशिम अमला बो क्रिस मौरिस 23, कोलिन डि ग्रैंडहोम का डुप्लेसिस बो लुंगी एनगिडी 60, मिशेल सैंटनर नाबद 02

आस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में मुकाबला आज

मैच का समय

दोपहर तीन बजे से

नॉटिंघम, 19 जून (भाषा)।

पांच बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार को बाग्लादेश के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत के साथ सेमी फाइनल का सफर आसान करना चाहेगी। हालांकि इस मैच में शाकिल अल हसन उसके लिए चुनौती पेश कर सकते हैं। आरोन फिंच की अगुआई वाली आस्ट्रेलियाई टीम नेट रन रेट के आधार पर शीर्ष पर चल रही इंग्लैंड से पीछे है। दोनों के पांच मैचों में आठ आठ अंक हैं।

प्रबल दावेदारों में शुमार आस्ट्रेलियाई टीम हमेशा विश्व कप में दबदबा बनाती आई है। इस बार भी कुछ अलग नहीं हो रहा। उसने अभी तक पांच मैचों में से सिर्फ भारत के खिलाफ एकमात्र मुकाबला गंवाया है। कप्तान मशरफी मुर्तजा की बांग्लादेश ने अभी तक आइसीसी विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन दिखाया है। लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ अगर उसे विश्व कप मैच में उलटफेर की उम्मीद लगानी है तो उसके खिलाड़ियों को सभी विभागों में अपना सर्वश्रेष्ठ करना होगा।

आस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर है कि मार्कस स्टोइनिस चोटिल होने के बाद वापसी कर चुके हैं। हालांकि बांग्लादेश के खिलाफ उनके खेलने की संभावना नहीं है। आस्ट्रेलिया के सहायक कोच ब्रैड हैडिन का मानना है कि अभी तक टीम टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखा सकी है। वहीं मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस विपक्षी टीमों के लिए खतरनाक साबित हो रहे हैं। आरोन फिंच और डेविड वार्नर जहां टीम को मजबूत शुरुआत दिला रहे हैं तो मध्यक्रम में स्टीवन स्मिथ मौजूद हैं। बांग्लादेशी टीम की बात की जाए तो उसने अभी तक पांच में से दो मैच गंवाए हैं तो दो में जीत हासिल की है। इसमें उसने कहीं बेहतर प्रदर्शन किया।

वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में तो वह काफी करीब से हारी थी। सोमवार को वेस्ट इंडीज के खिलाफ उसने आसानी से 322 रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ जरा सी भी उम्मीद लगाने के लिए उसे इसी प्रदर्शन का दोहराव करना होगा। हरफनमौला शाकिब अल हसन ने इस मैच में 124 रन की नाबाद पारी खेली थी।

शाकिब शानदार फॉर्म हैं और वह लगातार दो शतक जड़ चुके हैं। दो साल पहले बांग्लादेश की आस्ट्रेलिया पर 10 विकेट की ऐतिहासिक टैस्ट जीत में उन्होंने ही अहम भूमिका अदा की थी। हालांकि प्रारूप अलग है लेकिन आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लेंगर ने स्वीकार किया कि उन्हें शाकिब से निपटना होगा। गुरुवार को नॉटिंघम में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

शाकिल अल हसन »

खराब प्रदर्शन के बाद अफगान खेमे में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू

मैनचेस्टर, 19 जून (भाषा)।

अफगानिस्तान के कोच फिल सिमंस ने बुधवार को संकेत दिया कि विश्व कप से ठीक पहले असगर अफगान को कप्तानी से हटाने में मुख्य चयनकर्ता दौलत अहमदजई का हाथ था। पांचों मैच हारकर अंकतालिका में सबसे नीचे काबिज अफगानिस्तान टीम के इस प्रदर्शन के बाद वहां आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अहमदजई ने सिमंस की अगुआई वाली कोचिंग टीम को इस लचर प्रदर्शन के लिए दोषी ठहराया है।

वहीं सिमंस ने ट्वीट किया,'मैं विश्व कप में हूं और टीम का मनोबल बढ़ाने की कोशिश में जुटा हूं। मैं अफगानिस्तान के लोगों को बताऊंगा कि असगर अफगान को हटाने और हमारी तैयारियों में खलल डालने में दौलत अहमदजई की क्या भूमिका रही।'

अफगानिस्तान टीम के सदस्यों के साथ रेस्तरां में झड़प

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ सोमवार को मैनचेस्टर के एक रेस्तरां में हुए विवाद के बाद पुलिस को बुलाना पड़ा। यह घटना मैनचेस्टर में मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ अफगानिस्तान के विश्व कप मैच से पिछली रात को घटी। बीबीसी के अनुसार, सोमवार को रेस्तरां में एक व्यक्ति टीम का वीडियो बना रहा था जिसका एक खिलाड़ी ने विरोध किया।

इससे पहले अफगानिस्तान के एक पत्रकार ने ट्वीट किया था कि अहमदजई का मानना है कि कोचिंग स्टाफ की तैयारियों में कमी के कारण टीम का प्रदर्शन खराब रहा।

विश्व तीरंदाज से एएआइ को एक महीने की चेतावनी

कोलकाता, 19 जून (भाषा)।

विश्व तीरंदाजी संस्था ने अपने सदस्य संघों की सूची में से भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआइ) का नाम हटा दिया है। साथ ही इसे अंदरूनी समस्याएं सुलझाने के लिए एक महीने का समय दिया है। इस दौरान सभी मसलों को नहीं सुलझाया गया तो उसे निलंबन झेलना पड़ेगा।

विश्व तीरंदाजी ने कहा कि वह एएआइ के निलंबन पर फैसला करने के लिए 31 जुलाई तक इंतजार करेगी। विश्व तीरंदाजी एएआइ के विवादास्पद चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार करेगी। एएआइ को सदस्य सूची से बाहर किए जाने के फैसले के बावजूद भारतीय तीरंदाज उन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय ध्वज के अंतर्गत भाग ले सकते हैं जिसमें प्रविष्टियां पहले ही भेजी जा चुकी हैं। विश्व तीरंदाजी ने दो पन्ने के फैसले में कहा, '(विश्व तीरंदाजी) कार्यकारी बोर्ड ने फैसला किया है कि काफी सबूत हैं कि एएआइ ने विश्व तीरंदाजी संविधान और नियम के धारा 1.4.2.4 और 1.4.2.5.1 का उल्लंघन किया है और विशेषकर 1.4.2.5.1 धारा के अंतिम प्वाइंट का जिसमें सुशासन जरूरी होता है।' इसके अनुसार, 'इसके परिणामस्वरूप भारत को सदस्य संघ की सूची में शामिल नहीं किया गया और विश्व तीरंदाजी 31 जुलाई तक इंतजार करेगी। इसके बाद वह अदालत के नतीजे के आधार पर परिस्थितियों की दोबारा जांच करेगी।' अभी तक बर्लिन तीरंदाजी विश्व कप चरण (एक से सात जुलाई) और तोक्यो ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता के लिए अंतिम प्रविष्टियां भेजी जा चुकी हैं।

विश्व कप : ब्राजील अंतिम 16 में पहुंचा

वालेंसिएनेस (फ्रांस), 19 जून (एएफपी)।

मार्टा के रेकार्ड 17वें गोल की बदौलत ब्राजील ने इटली को 1-0 से हराकर फीफा महिला विश्व कप के अंतिम 16 में प्रवेश किया। मार्टा पुरुष और महिला विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बन गईं। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रुप सी के मुकाबले में 74वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर अपनी टीम को अंक दिलाए। यह मार्टा का विश्व कप में 17वां गोल था। मार्टा इस गोल के साथ पूर्व बायर्न म्यूनिख और लाजियो के स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोसे के बाद विश्व कप में गोल करने वाले खिलाड़ियों की सर्वकालिक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गईं। हालांकि ब्राजीली टीम इस जीत के बावजूद ग्रुप में इटली के बाद दूसरे स्थान पर नहीं पहुंच सकी। आस्ट्रेलिया ने सैम केर के चार गोलों की बदौलत जमैका को 4-1 से शिकस्त दी और वह गोल अंतर के हिसाब से ब्राजील से ऊपर है।

जूनियर पुरुष हॉकी इंडिया ने फेलिक्स को किया बर्खास्त

नई दिल्ली, 19 जून (भाषा)।

हॉकी इंडिया ने मैड्रिड में आठ देशों की टूर्नामेंट में टीम के छठे स्थान पर रहने के बाद जूनियर पुरुष टीम के कोच जूड फेलिक्स को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही बुधवार को नए कोच के लिए विज्ञापन जारी किया। फेलिक्स की बर्खास्तगी के बारे में हॉकी इंडिया की वेबसाइट पर नए कोच के लिए विज्ञापन के आने के बाद पता चला। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने बताया कि फेलिक्स को बर्खास्त करने का फैसला अपेक्षित था क्योंकि जूनियर विश्व चैंपियन टीम पिछले कुछ समय से औसत से खराब प्रदर्शन कर रही है।

हॉकी इंडिया के सूत्र ने कहा कि मैड्रिड में आठ देशों की टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के बाद यह अपेक्षित था। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया से 0-4, नीदरलैंड्स से 2-3, स्पेन से 1-3 और ब्रिटेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। टूर्नामेंट में भारतीय टीम सिर्फ ऑस्ट्रिया के खिलाफ 4-2 जीत दर्ज कर सकी थी।

टीम के साथ अगस्त 2017 में जुड़ने वाले फेलिक्स ने भी इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हां, मैं अब जूनियर टीम का कोच नहीं हूं। मुझे इस फैसले के बारे में 2-3 दिन पहले बताया गया है। फेलिक्स से जब पूछा गया कि क्या उन्हें बर्खास्तगी के बारे में कुछ बताया गया तो उन्होंने कहा कि फिल्हाल, मैं उस बारे में कोई बात नहीं करना चाहूंगा। उन्होंने हालांकि कहा कि वह मैड्रिड टूर्नामेंट से जुड़ी रिपोर्ट दो-तीन दिन में हॉकी इंडिया से साझा करेंगे।

फेलिक्स की बर्खास्तगी के बारे में हॉकी इंडिया की वेबसाइट पर नए कोच के लिए विज्ञापन के आने के बाद पता चला।

पेरू ने बोलिविया को हराया, वेनेजुएला ने ड्रॉ खेला

रियो डि जेनेरियो, 19 जून (एएफपी)।

कप्तान पाउलो गुरेरो और जेफरसन फरफान के शानदार खेल के दम पर पेरू ने कोपा अमेरिका कप में बोलिविया को 3-1 से हराया। इस जीत से उसने क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को मजबूत किया। मार्सेलो मोरेनो ने मैच के 28वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर बोलिविया का खाता खोला। खेल में शुरू से ही पेरू ने दबदबा बना लिया लेकिन टीम को पहली सफलता मध्यांतर से ठीक पहले कप्तान गुरेरो के गोल से मिली।

मैच के 55वें मिनट में फरफान ने पेरू की बढ़त को 2-1 कर दिया। अंतिम सीटी बजने से ठीक पहले (90+6 मिनट) एडिसन फ्लोरेस के गोल से पेरू का स्कोर 3-1 हो गया। इस जीत के साथ टीम ग्रुप ए की तालिका में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर आ गई है। दोनों टीमों के नाम दो मैचों में चार अंक हैं, पर ब्राजील बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 214, *हवाई शुल्क :* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।

कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।